दैनिक

# बुलन्द मंज़िल

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 109 | संभल, बुधवार 01 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...

पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

▶ खाड़ी देशों से घटेगी निर्भरता, होर्मुज की नहीं पड़ेगी जरूरत

# अब अंगोला से एलपीजी खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां...

## देश में गैस आपूर्ति को सुरक्षित बनाने भारत की बड़ी तैयारी

● नई दिल्ली

देश में गैस आपूर्ति को सुरक्षित बनाने के लिए भारतीय कंपनियां अब अंगोला से एलपीजी आयात की तैयारी कर रही हैं। इंडियन ऑइल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम हिंदूस्तान पेट्रोलियम और गेल अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल के साथ दीर्घकालिक समझौते पर बातचीत कर रही हैं।

यह कदम खाड़ी देशों पर भारत की अधिक निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। वर्तमान में देश की करीब 92 प्रतिशत एलपीजी आपूर्ति परसियन गल्फ क्षेत्र से होती है। यदि यह समझौता होता है, तो एलपीजी ले जाने वाले जहाज अटलांटिक मार्ग से सीधे भारत पहुंच सकेंगे और उन्हें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की जरूरत नहीं होगी, जिससे सप्लाई जोखिम कम होगा।



### बढ़ती मांग, स्थिर उत्पादन

**भारत** दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। 2024-25 में देश ने 20.67 मिलियन टन एलपीजी आयात किया, जो 2019-20 के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत अधिक है। वहीं घरेलू उत्पादन लगभग स्थिर बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्शन बढ़ने, खासकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के चलते मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में देश में 33 करोड़ से अधिक सक्रिय एलपीजी कनेक्शन हैं।

### अंगोला क्यों बना विकल्प

भारत और अंगोला के बीच पहले से ऊर्जा क्षेत्र में व्यापारिक संबंध हैं। अंगोला में प्रचुर मात्रा में गैस संसाधन और निर्यात की बेहतर व्यवस्था मौजूद है। समुद्री मार्ग से 12-18 दिनों में सप्लाई संभव है, जो इसे व्यवहारिक विकल्प बनाता है।

### अन्य देशों पर भी नजर

भारत ऑस्ट्रेलिया, अल्जीरिया और रूस जैसे देशों से भी एलपीजी आयात के विकल्प तलाश रहा है, ताकि सप्लाई स्रोतों में विविधता लाई जा सके।

## अमेरिकी हमलों में दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

**मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था...**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, आरएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को अब 31 दिन हो गए है। सोमवार को ईरान में महान एयरलाइंस का एक विमान अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया।

यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका उद्देश्य भारत से दवाइयों और अन्य जरूरी राहत सामग्री लाना था। इसी बीच, यूरोपीय संघ ने ईरान पर लगे मानवाधिकार संबंधी प्रतिबंधों को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 13 अप्रैल 2027 तक लागू रखने का निर्णय लिया है। ईयू के अनुसार, प्रतिबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं पर यूरोप में यात्रा प्रतिबंध जारी रहेगा और उनकी संपत्तियां जब्त या फ्रीज रहेंगी। साथ ही, ऐसे उपकरणों के निर्यात पर भी रोक रहेगी, जिनका उपयोग निगरानी या दमन के लिए किया जा सकता है। कुवैत में बिजली और पानी के एक प्लांट पर हुए हमले के बाद आग लग गई, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। वहीं, लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी हिस्से में सोमवार सुबह इजराइली हवाई हमले के बाद धुआं उठता देखा गया। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले के बाद फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने ऐसे हमलों को अस्वीकार्य बताया।

युवा विधायकों को मुख्यमंत्री की नसीहत

# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन जरूरी: सीएम

लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवा विधायकों की भूमिका महत्वपूर्ण : विधानसभा अध्यक्ष

दो दिवसीय सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा विधायक हुए शामिल




● भोपाल

मप्र विधानसभा में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीजन जोन-6 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय युवा सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ। इस सम्मेलन में मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा विधायक शामिल हुए। युवा सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो।

सीएम ने कहा कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए।

### विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा जनप्रतिनिधियों की अहम जिम्मेदारी : तोमर

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 के संविधान सभा के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितने प्रतिबद्ध और नैतिक हैं। उन्होंने कहा कि युवा जनप्रतिनिधि सामाजिक कुरीतियों जैसे जातिवाद, नशाखोरी और लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध समाज को जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# नीतीश कुमार ने MLC के पद से दिया इस्तीफा

## रो पड़े अशोक चौधरी, तेजस्वी ने भाजपा पर लगाया दबाव बनाने का आरोप...

● पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

उनका त्यागपत्र एमएलसी संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं, इसलिए संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उन्हें यह इस्तीफा देना आवश्यक था। इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक हो गए और रोते नजर आए।



### नीतीन नबीन ने भी विधायक पद से दिया इस्तीफा, लिखा भावुक पोस्ट

इधर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नबीन ने भी विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उनका त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा। इस्तीफे के बीच नितिन नवीन ने अपनी मां को याद करते हुए भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि जीवन की उपलब्धियों के बावजूद मां की कमी हमेशा महसूस होती है और लोगों से अपील की कि वे अपने माता-पिता को समय और सम्मान दें।

## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, पहली बार 95 रुपये के पार



**मुंबई / आरएनएन।** ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय रुपया सोमवार (30 मार्च) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पहली बार 95 के पार चला गया।

कारोबार के दौरान यह 95.22 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिरा। हालांकि, अंत में कुछ सुधार के साथ यह 94.78 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद 94.85 की तुलना में 7 पैसे की मामूली मजबूती है। रुपये की इस गिरावट का सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। आयातित वस्तुएं जैसे मोबाइल, सोना-चांदी और कच्चा तेल महंगे होंगे, जिससे महंगाई बढ़ने की आशंका है।

**कैसे तय होती है करेंसी की कीमत?** - डिमांड और सप्लाई पर निर्भर। अधिक आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है, जिससे रुपया कमजोर होता है। महंगाई, ब्याज दर और विदेशी निवेश भी अहम कारक हैं।

# शाह बोले-भारत अब नक्सल-मुक्त

गृह मंत्री ने कहा- जो हथियार उठाएगा, उसे चुकानी होगी कीमत, वामपंथियों ने आदिवासियों को बहकाया, गरीबी ने नक्सलवाद नहीं, नक्सलवाद ने गरीबी फैलाई

● नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि भारत अब नक्सल-मुक्त हो गया है। अपनी डेढ़ घंटे की स्पीच में उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका है।

शाह ने कहा, जो लोग हथियार उठाते हैं और व्यवस्था को चुनौती देते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। भोले-भाले आदिवासियों को लंबे समय तक वामपंथियों ने बहकाया।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 60 वर्षों में आदिवासियों तक घर, स्कूल और मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचे। आदिवासी इलाकों में गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला, बल्कि नक्सलवाद के कारण गरीबी रही। इसकी जड़ें वैचारिक हैं, विकास से जुड़ी नहीं।

संसद में नक्सलवाद पर चर्चा सरकार की डेडलाइन से एक दिन पहले हुई। शाह ने कई बार 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की है।



### नक्सलवाद का इतिहास और माओवादी आंदोलन

शाह ने कहा, चीन-रूस में कम्युनिस्ट सरकार बनने के बाद ही भारत में सीपीआई का गठन हुआ। 1964 में सीपीआई-एम, 1969 में सीपीआई-एमएल मार्क्सिस्ट की स्थापना हुई। उनका उद्देश्य संसदीय व्यवस्था का विरोध कर सशस्त्र क्रांति करना था। यही माओवाद है।

### आदिवासियों के प्रति अन्याय और कांग्रेस की भूमिका

**शाह** ने कहा कि 20 अगस्त 2019 की बैठक में पूर्व नक्सलियों को खुफिया नेटवर्क में शामिल करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की वजह से देरी हुई। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उदाहरण के रूप में लिया और कहा कि कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों को संरक्षण दिया। शाह ने जोर देकर कहा कि आदिवासी इलाकों में गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला, बल्कि नक्सलवाद ने गरीबी को लंबा किया। शाह ने कहा कि नक्सलियों को भगत सिंह और बिरसा मुंडा से नहीं जोड़ा जा सकता।

### नक्सलवाद का अंत और सुरक्षा बलों की भूमिका

शाह ने कहा कि देश में नक्सलवाद समाप्त होने जा रहा है। इसमें सीएपीएफ, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय आदिवासियों का बड़ा योगदान है। 2025 में सुरक्षा बलों ने 270 नक्सलियों को मार गिराया, 680 को गिरफ्तार किया और करीब 1,225 को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया।

# कंपनी डिफॉल्ट हुई तो सबसे पहले मजदूरों को मिलेगा बकाया



**लोकसभा में बैंक करप्सी संशोधन बिल पास, 14 दिन में मंजूर होगी दिवालिया अर्जी**

● नई दिल्ली

लोकसभा ने 30 मार्च को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन बिल 2025 पारित कर दिया। नए प्रावधानों के तहत, किसी कंपनी के दिवालिया होने पर उसकी संपत्ति बेचकर मिलने वाली राशि में सबसे पहले मजदूरों और कर्मचारियों का बकाया चुकाया जाएगा। इसके बाद अन्य लेनदारों को भुगतान किया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नया सिस्टम पुराने फास्ट-ट्रैक प्रोसेस की जगह लेगा, जो प्रभावी नहीं था। सीतारमण ने संसद में आश्वस्त किया कि दिवालिया प्रक्रिया के दौरान कामगारों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। नए कानून में उनके बकाए को भुगतान सूची में प्राथमिकता दी गई है। संशोधन के तहत, जैसे ही किसी कंपनी का डिफॉल्ट साबित होगा, दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने की अर्जी 14 दिनों के भीतर स्वीकार करना अनिवार्य होगा।

जनगणना 2026 | पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

# लिव-इन कपल्स को मिल सकता है शादीशुदा का दर्जा

● नई दिल्ली

देश में जनगणना 2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होगा, जिसमें कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। इस बार स्थिर संबंध में रह रहे लिव-इन कपल्स को भी, यदि वे अपने रिश्ते को दीर्घकालिक मानते हैं, शादीशुदा की श्रेणी में शामिल किया जा सकता है।

पहले चरण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। पोर्टल पर सहायता के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी उपलब्ध हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है, जिसका उद्देश्य देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं का डेटा एकत्र करना है, ताकि सरकार प्रभावी योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। गौरतलब है कि पिछली जनगणना 2011 में हुई थी, जिसमें भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ दर्ज की गई थी।



### पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लगभग 30 लाख कर्मचारी मोबाइल ऐप के जरिए डेटा एकत्र करेंगे। एंड्रॉयड और आईओएस आधारित ऐप, ऑनलाइन पोर्टल और रियल-टाइम डेटा ट्रांसफर से प्रक्रिया लगभग पेपरलेस होगी। खास बात यह है कि आजादी के बाद पहली बार जाति आधारित डेटा भी डिजिटल रूप से एकत्र किया जाएगा।

### एक अप्रैल से शुरू होगा पहला चरण

गृह मंत्रालय के मुताबिक, पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 के बीच पूरा किया जाएगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 दिनों के भीतर यह कार्य संपन्न करना होगा। साथ ही, घरों की सूचीकरण प्रक्रिया शुरू होने से 15 दिन पहले नागरिकों को सेल्फ-एन्यूमरेशन का विकल्प मिलेगा।

### संदर्भ तिथि का विशेष महत्व

भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के अनुसार, जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि तय की गई है। इसी आधार पर आंकड़े तैयार किए जाएंगे, इसलिए इसे जनगणना 2027 कहा जा रहा है।

### डिजिटल मैपिंग के प्रमुख लाभ

**हर घर को 'डिजी डॉट' के रूप में मैप किया जाएगा, जिससे आपदा के समय त्वरित राहत और बचाव संभव होगा।**

- निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन में मदद मिलेगी
- शहरी योजना अधिक प्रभावी बनेगी
- शहरीकरण और पलायन के सटीक आंकड़े मिलेंगे
- मतदाता सूची में दोहराव कम होगा

# शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के किए तीन टुकड़े

## सिर जलाया, धड़ फ्रिज में और बाकी हिस्सा बेड के नीचे छिपाया, खुद थाने पहुंचकर कबूला अपराध

● विशाखापट्टनम



आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक चौंकाने वाला हत्याकांड सामने आया है। भारतीय नौसेना का एक शादीशुदा कर्मचारी अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसके शव के टुकड़े करने के बाद खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गया और अपना अपराध कबूल लिया।

मृतका की पहचान 31 वर्षीय मोनिका के रूप में हुई है, जबकि आरोपी 35 वर्षीय चिंतादा रविंद्र है, जो आईएनएस डेगा पर तैनात टेक्निशियन है। पुलिस के अनुसार, रविंद्र ने रविवार 29 मार्च को मोनिका की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को सिर, धड़ और निचले हिस्से में काट दिया। सिर और हाथों को सुनसान जगह ले जाकर जलाने की कोशिश की। धड़ को फ्रिज में रखा, जबकि पैरों और कूल्हे वाले हिस्से को ट्रॉली बैग में भरकर बेड के नीचे छिपा दिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर और फ्रिज में शव के टुकड़े बरामद हुए, लेकिन मोनिका का सिर गायब है।

संपादकीय

## उभरता जन असंतोष अमेरिका की परीक्षा

अमेरिका की सड़कों पर उमड़ता जनसैलाब इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि जनता की सजगता से जीवित रहता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ जिस तरह 'नो किंग्स' जैसे नारों के साथ व्यापक विरोध सामने आया है, वह अमेरिकी समाज के भीतर गहराते अविश्वास व असंतोष को उजागर करता है। यह केवल नीतिगत विरोध नहीं, बल्कि सत्ता और शैली पर सवाल है। ट्रंप प्रशासन की सख्त प्रवासी नीति और आक्रामक विदेश नीति, विशेषकर ईरान को लेकर रुख ने एक बड़े वर्ग को असहज किया है। फलस्वरूप, देशभर में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें विविध सामाजिक समूहों की भागीदारी देखने को मिली। मिनेसोटा के सेंट पॉल में जुटी भारी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि यह असंतोष सीमित या क्षणिक नहीं, व्यापक और संगठित है। इस आंदोलन की खासियत यह भी है कि इसमें केवल आम नागरिक ही नहीं, राजनीतिक और सांस्कृतिक जगत की प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। बर्नी सैंडर्स व क्रिस्टिन गिलिब्रैंड जैसे नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जरूरत पर जोर दिया, वहीं ब्रूस स्प्रिंगस्टीन जैसे कलाकारों की भागीदारी ने जनभावनाओं को और सशक्त किया है। यह समावेशिता इस आंदोलन को महज राजनीतिक विरोध से आगे ले जाकर एक सामाजिक चेतना में परिवर्तित करती है। फिर भी, अमेरिकी संविधान में राष्ट्रपति को पद से हटाने की प्रक्रिया जटिल है और त्वरित परिणाम की अपेक्षा करना उचित नहीं होगा। लेकिन इतिहास गवाह है कि जनदबाव अक्सर सत्ता की दिशा बदलने का माध्यम बनता है। 'कोई राजा नहीं' का संदेश दरअसल उस लोकतांत्रिक आत्मा की पुनर्पुष्टि है, जिसमें नागरिक स्वयं को सर्वोच्च मानते हैं। यह घटनाक्रम अमेरिका के लिए एक निर्णायक क्षण है। यह विरोध केवल एक व्यक्ति या सरकार के खिलाफ नहीं, उस मूल विचार के पक्ष में है कि लोकतंत्र में सत्ता का स्रोत जनता होती है। यदि यह चेतना कायम रहती है, तो यह उभार अमेरिकी लोकतंत्र को और अधिक परिपक्व और उत्तरदायी बना सकता है।

# बढ़ती गर्मी और बिगड़ता पृथ्वी का संतुलन

इसमें कोई संदेह नहीं कि मौजूदा दौर में पृथ्वी एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां गर्मी का प्रकोप हर वर्ष नए आयाम छू रहा है। यह केवल मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि जलवायु संतुलन के गहरे संकट का संकेत है। वैज्ञानिक अध्ययनों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों ने इस खतरे को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की 'स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट 2025' रिपोर्ट इस संकट की गंभीरता को और भी स्पष्ट कर देती है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2025 तक के सभी 11 वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्षों में दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़ा केवल रिकॉर्ड बनाने की कहानी नहीं, बल्कि उस तीव्र गति का प्रमाण है, जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। वर्ष 2024 को अब तक का सबसे गर्म वर्ष माना गया है, जबकि 2025 भी इस सूची में दूसरे या तीसरे स्थान पर है। यह क्रमिक वृद्धि हमें चेताती है कि अब प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है।

इस ताप वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा कारण वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा है। वर्ष 2024 में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर पिछले 20 लाख वर्षों में सबसे अधिक दर्ज किया गया। वहीं मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसें भी पिछले 8 लाख वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। ये गैसें पृथ्वी की ऊष्मा को बाहर निकलने से रोकती हैं, जिससे तापमान लगातार बढ़ता जाता है। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। बढ़ते तापमान का सबसे अधिक प्रभाव महासागरों पर पड़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों से उत्पन्न अतिरिक्त ऊष्मा का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा समुद्र अपने भीतर समाहित कर लेते हैं। यही कारण है कि समुद्री तापमान लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2025 में समुद्री ऊष्मा स्तर ने पिछले 66 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरे की घंटी है।

इसके अलावा, समुद्र का बढ़ता तापमान कोरल रीफ्स के लिए विनाशकारी सिद्ध हो रहा है। कोरल ब्लीचिंग की



घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे समुद्री जैव विविधता को गहरा नुकसान हो रहा है। ये रीफ्स केवल समुद्री जीवों का आश्रय नहीं हैं, बल्कि तटीय क्षेत्रों को तूफानों और क्षरण से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके क्षरण का अर्थ है प्राकृतिक सुरक्षा कवच का कमजोर पड़ना। इसके साथ ही समुद्र स्तर में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। 1993 से 2025 के बीच वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 11 सेंटीमीटर बढ़ चुका है। यह वृद्धि तटीय शहरों व द्वीपों के लिए गंभीर खतरा बन रही है। समुद्र का अम्लीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे समुद्री जीवों के अस्तित्व पर संकट गहराता जा रहा है। बीते चार दशकों में समुद्रों का पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) स्तर लगातार गिरा है, जो समुद्री जीवन के लिए चिंताजनक संकेत है।

यदि भारत की स्थिति पर नजर डालें, तो यहां भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से महसूस किए जा सकते हैं। वर्ष 2025 में मानसून सामान्य से पहले आया, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी था। इस असामान्य बदलाव ने कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा और बाढ़ जैसी परिस्थितियां पैदा कर दीं। विशेष रूप से उत्तरी भारत में अचानक आई बाढ़ ने व्यापक नुकसान पहुंचाया। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल तापमान की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे मौसम चक्र को अस्थिर कर रहा है। इन परिस्थितियों के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हम इस संकट को लेकर पर्याप्त गंभीर हैं? सच्चाई तो यह है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर वास्तविकता बन चुका है। इसके प्रभाव हमारे चारों ओर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं यानी बढ़ती गर्मी, असामान्य वर्षा, समुद्र का बढ़ता स्तर और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन।

अब समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक कदम उठाने का है। हमें अपने विकास के मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। नवीकरणीय ऊर्जा, सतत विकास और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। यदि हम आज भी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसी पृथ्वी विरासत में मिलेगी, जहां जीवन केवल संघर्ष बनकर रह जाएगा। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अभी से अपने प्रयासों को दिशा दें, ताकि धरती का संतुलन पुनः स्थापित हो सके और भविष्य सुरक्षित रह सके।

■ जसवंत सिंह राजपूत

चरण प्रारंभ होगा इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा दोपहर 4:30 बजे कन्या राशि का नक्षत्र उत्तर फाल्गुनी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा रात्रि 11:00 बजे कन्या राशि का नक्षत्र उत्तर फाल्गुनी का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। **योग**:- गंड। **करण**:- गर। **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- टी टू टे टो। **आराधना का मंत्र**:- श्री राम राम रामेति रमे रामे मनोरमे, सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने।।

- **मेष राशि**:- समय शानदार है, कार्यक्षेत्र आपकी रुचि के अनुरूप रहेगा परंतु सलाह यही है कि जरूरी काम तेजी से कर लें।
- **वृषभ राशि**:- ग्रह लगातार मजबूती आपको प्रदान कर रहे हैं इसका भरपूर फायदा उठाकर अपने आवश्यक काम तेजी से कर लें।
- **मिथुन राशि**:- चंद्रमा का गोचर लगातार आपकी मदद करता रहेगा, आजीविका हेतु की गई यात्रा सुखद रहेगी।
- **कर्क राशि**:- समय की स्थिति आज पूरी तरह से आपके पक्ष में है, कार्यक्षेत्र शानदार रहेगा, विरोधी कमजोर होंगे।
- **सिंह राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है कल की तुलना में आज परेशानियां कम रहेंगी परंतु अभी भी जरूरी निर्णय सोच-समझकर करें।
- **कन्या राशि**:- समय आज सामान्य है जरूरी काम करने से बचें मन अप्रसन्न रह सकता है।
- **तुला राशि**:- समय धीरे-धीरे आपका साथ देने जा रहा है कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाएं दूर होंगी।
- **वृश्चिक राशि**:- ग्रहों की अनुकूलता आज आपके पक्ष में नहीं है, जरूरी काम बेहद सोच-समझकर करें।
- **धनु राशि**:- ग्रह आज से सामान्य हो रहे हैं, तनाव और परेशानियां कम होंगी, कामकाज में रुचि बढ़ेगी।
- **मकर राशि**:- समय आज कमजोर सा है, अनावश्यक परेशानियां आपके सामने उत्पन्न होंगी।
- **कुंभ राशि**:- समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है। इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से करें।
- **मीन राशि**:- सितारे आज मजबूत स्थिति में बने हुए हैं जिनके चलते आपका कार्य तेजी से संपन्न होगा।

# सैन्य आक्रामकता के साए में डगमगाती वैश्विक स्थिरता



आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि शांति की आकांक्षा के बावजूद मानवता बार-बार युद्ध की आग में झोंकी जा रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता संघर्ष इसी विरोधाभास को उजागर करता है, जहां शक्ति की राजनीति संवाद पर भारी पड़ती दिख रही है और वैश्विक अस्थिरता गहराती जा रही है।

मानवता का शाश्वत स्वप्न शांति है, किंतु विडंबना यह है कि आधुनिक दुनिया बार-बार उसी सत्य से विमुख होती दिखाई देती है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध संयुक्त सैन्य कार्रवाई का निर्णय इसी विरोधाभास का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह केवल एक सामरिक कदम नहीं, बल्कि उस विचारधारा की पराजय है, जो संवाद, सह-अस्तित्व और संतुलन पर आधारित होनी चाहिए थी। मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया आज भय, अनिश्चितता और हिंसा के ऐसे भंवर में फंस गए हैं, जहां हर नया दिन किसी और तबाही की आहट लेकर आता है। अब यह संघर्ष सीमाओं की परिधि लांघ चुका है। एक माह का समय बीतने के बाद भी जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान की ओर से मिसाइलों और ड्रोनों की लगातार प्रतिक्रिया यह स्पष्ट कर रही है कि यह युद्ध अब केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। खासकर उन खाड़ी देशों पर बढ़ते हमले, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं, इस संकट को और अधिक जटिल बना रहे हैं।

**स्थिति** की गंभीरता का अंदाजा होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे से लगाया जा सकता है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की धुरी माना जाता है। इस महत्वपूर्ण मार्ग पर किसी भी प्रकार की अस्थिरता का सीधा प्रभाव पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों ने तेल और गैस की कीमतों को उछाल दिया है, जिससे वैश्विक बाजारों में घबराहट और अस्थिरता का माहौल गहराता जा रहा है। महंगाई का नया संकट सिर उठा रहा है और इसका बोझ अंततः आम नागरिकों के कंधों पर ही पड़ता है।

**इस** पूरे परिदृश्य में सबसे तीखा व्यंग्य राजनीतिक वादों और वास्तविकता के बीच की खाई पर है। जो नेतृत्व कभी युद्ध-विरोधी रुख को अपनी पहचान बनाकर सत्ता में लौटा था, वही आज एक और दीर्घकालिक संघर्ष में उलझता प्रतीत हो रहा है। प्रारंभिक स्तर पर संवाद और वार्ता की संभावनाएं अवश्य दिखाई दी थीं, किंतु ईरान के इनकार और उसके बाद खार्ग द्वीप जैसे रणनीतिक ऊर्जा केंद्रों पर हमलों ने हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया। इजराइल द्वारा ईरानी नेतृत्व और महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाना इस संघर्ष को और तीव्र करता जा रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि विशेषज्ञों द्वारा दी गई चेतावनियों को अनदेखा किया गया। अब जब अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज हो रहे हैं और घरेलू स्तर पर भी असंतोष उभर रहा है, तब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि सैन्य शक्ति की सीमाएं होती हैं। वास्तव में युद्ध समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं का विस्तार है।

**इस** संकट का वास्तविक समाधान केवल कूटनीति और संवाद में निहित है। अमेरिका को अपनी भूमिका को पुनर्परिभाषित करते हुए निष्पक्ष मध्यस्थ बनना होगा, जबकि ईरान को भी तनाव कम करने की दिशा में ठोस और विश्वसनीय पहल करनी होगी। पारस्परिक सुरक्षा गारंटी और विश्वास-आधारित वार्ता ही इस दुष्चक्र को तोड़ सकती है। अंततः प्रश्न केवल क्षेत्रीय संघर्ष का नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य का है। यदि दुनिया को स्थायित्व और संतुलन चाहिए, तो उसे युद्ध की भाषा नहीं, शांति की संवेदना को अपनाना होगा, क्योंकि अब समय की मांग यही है कि विनाशकारी हथियार खामोश हों और संवाद की आवाज बुलंद हो।

■ धर्मेंद्र सिंह कर्ण

परंपरा/इतिहास

# शादी में दहेज नहीं, 'टॉयलेट'!

## अनोखी रस्म ने दुनिया को चौंकाया

शादी की रस्में अक्सर खुशियों, परंपराओं और भावनाओं से भरी होती हैं, लेकिन दुनिया के कुछ कोनों में ये रस्में हैरान करती नजर आती हैं। चीन के वुहान के ग्रामीण इलाकों में एक ऐसी ही अनोखी परंपरा आज भी निभाई जाती है, जहां दुल्हन अपने ससुराल जाते समय गहनों या कपड़ों के साथ एक पोर्टेबल टॉयलेट भी साथ लेकर जाती है। सुनने में अजीब लगने वाली यह रस्म दरअसल गहरे विश्वास, समृद्धि और वंश वृद्धि से जुड़ी मानी जाती है।



**परंपरा में छिपा विश्वास और भविष्य की कामना:** यह रस्म भले ही आधुनिक नजरिए से अजीब लगे, लेकिन इसके पीछे पीढ़ियों से चला आ रहा विश्वास और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच छिपी है। यह परंपरा केवल एक वस्तु को साथ ले जाने की नहीं, बल्कि नए जीवन, समृद्धि और वंश वृद्धि की कामना को दर्शाती है। चीन की यह अनोखी परंपरा दिखाती है कि दुनिया में आस्था और रीति-रिवाज कितने विविध और चौंकाने वाले हो सकते हैं। जहां एक ओर यह लोगों को हैरान करती है, वहीं दूसरी ओर यह यह भी सिखाती है कि हर परंपरा के पीछे कोई न कोई गहरा अर्थ जरूर छिपा होता है।

### चौंकाने वाली शुरुआत...

दुनियाभर में शादी के अपने-अपने रीति-रिवाज हैं, जो किसी संस्कृति की पहचान होते हैं। कहीं विदाई में दुल्हन रोती है तो कहीं जूते छुपाने की रस्म होती है, लेकिन वुहान के गांवों में यह परंपरा अलग ही कहानी बयां करती है। यहां दुल्हन को विवाह के समय अपने साथ एक 'चैंबर पॉट' यानी पोर्टेबल टॉयलेट ले जाना जरूरी माना जाता है। यह कोई साधारण वस्तु नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक प्रतीक है, जिसे नई जिंदगी की शुरुआत से जोड़ा जाता है।

### शुभ वस्तुओं से भरा जाता है चैंबर पॉट

इस अनोखी रस्म को और भी खास बनाने के लिए चैंबर पॉट को खाली नहीं रखा जाता। इसमें लाल अंडे, खजूर, मूंगफली और अन्य शुभ वस्तुएं रखी जाती हैं। लाल रंग को सौभाग्य और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इन चीजों का चयन विशेष रूप से किया जाता है। कई इलाकों में इसमें चॉपस्टिक की जोड़ी भी रखी जाती है, जो संतान, विशेषकर पुत्र प्राप्ति की कामना का प्रतीक मानी जाती है।



### उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक

आज के दौर में जहां टॉयलेट को केवल स्वच्छता से जोड़कर देखा जाता है, वहीं प्राचीन चीन में इसका महत्व कहीं अधिक था। ग्रामीण जीवन में इस पोर्टेबल टॉयलेट का उपयोग रात के समय किया जाता था और उसमें जमा मल को बाद में खेतों में खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। यही कारण है कि इसे जीवन चक्र, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक माना गया। विवाह के समय दुल्हन का इसे साथ लाना इस बात का संकेत होता था कि वह नए घर में सुख-समृद्धि और जीवन का विस्तार लेकर आएगी।

## बिखरती विरासत...

# ...इतिहास नहीं बचाया तो खो जाएगी पहचान



भारत की धरती पर फैले किले केवल पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि वे बीते जमाने की जीवंत कहानियां हैं। ये किले वीरता, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक रहे हैं। कभी इनकी प्राचीरों से रणभेरी गूंजती थी, राजाओं की रणनीतियां बनती थीं और सभ्यताओं का उत्थान-पतन देखा जाता था। लेकिन आज यही किले समय की धूल में दबकर अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। उनकी दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां और शिलालेख धीरे-धीरे मिटते जा रहे हैं, मानो इतिहास स्वयं मौन होता जा रहा हो।

समय की मार

### उपेक्षा और क्षरण की कहानी

इन ऐतिहासिक धरोहरों के क्षरण का सबसे बड़ा कारण हमारी उपेक्षा है। सरकारी संरक्षण की कमी, उचित रखरखाव का अभाव और बढ़ती जनसंख्या का दबाव इन किलों को नुकसान पहुंचा रहा है। कई स्थानों पर अतिक्रमण और असंवेदनशील पर्यटन ने भी इनकी संरचना को कमजोर कर दिया है। दीवारों पर लिखे गए नाम, कचरे के ढेर और अनियोजित विकास कार्य इनकी गरिमा को लगातार ठेस पहुंचा रहे हैं। यह स्थिति बताती है कि हम अपनी विरासत के प्रति कितने उदासीन होते जा रहे हैं।

### सांस्कृतिक पहचान का संकट

किले केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार भी हैं। जब ये किले टूटते हैं, तो केवल पत्थर नहीं बिखरते, बल्कि हमारी परंपराएं, हमारी स्मृतियां और हमारी पहचान भी दरकती है। आने वाली पीढ़ियां यदि इन धरोहरों को केवल किताबों में ही देख पाएंगी, तो यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गहरी क्षति होगी। इतिहास से कटना, अपने अस्तित्व से दूर होने के समान है।



### संरक्षण की आवश्यकता और समाधान


ऐतिहासिक किलों के इस मौन क्षरण को रोकने के लिए अब ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार और संबंधित विभाग के साथ-साथ नागरिक समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाना, सख्त नियम लागू करना और स्थानीय समुदायों को इसमें शामिल करना जरूरी है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर इन किलों का पुनरुद्धार किया जा सकता है। यदि हम समय रहते नहीं चेते, तो ये धरोहरें हमेशा के लिए खो जाएंगी।

### विरासत को बचाने का संकल्प

आज आवश्यकता है कि हम अपनी विरासत के प्रति संवेदनशील बनें और इसे सहेजने का संकल्प लें। किले केवल अतीत की निशानी नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी हैं। यदि हम इन्हें बचाने में सफल होते हैं, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास सौंप पाएंगे। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इस मौन क्षरण को रोकने में अपनी भूमिका निभाए।

## स्टार-नोज्ड मोल

# प्रकृति का अद्भुत चमत्कार...



दुनिया की जैव-विविधता जितनी व्यापक है, उतनी ही रहस्यमयी भी। कुछ जीव ऐसे होते हैं, जिन्हें देखकर आश्चर्य और जिज्ञासा दोनों जाग उठते हैं। इन्हीं विचित्र जीवों में एक नाम है 'स्टार-नोज्ड मोल'। यह छोटा-सा स्तनधारी जीव अपनी अनोखी बनावट और असाधारण क्षमताओं के कारण वैज्ञानिकों और प्रकृति-प्रेमियों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उत्तर अमेरिका के दलदली और नम इलाकों में पाया जाने वाला यह जीव पहली नजर में साधारण लग सकता है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी नाक है। इसकी नाक किसी तारे (स्टार) की आकृति जैसी दिखाई देती है, जिसमें 22 मुलायम टेंटेकल होते हैं। यही अनोखी संरचना इसे बाकी सभी जीवों से अलग बनाती है और इसकी पहचान का प्रमुख आधार भी है।

### छोटी आंखें, अनोखी नाक वाला जीव

स्टार-नोज्ड मोल का शरीर आकार में छोटा, फर से ढंका हुआ और पंजों से युक्त होता है, जो उसे जमीन के भीतर सुरंग बनाने में मदद करता है। इसकी आंखें बेहद छोटी होती हैं, जिससे इसकी देखने की क्षमता सीमित रहती है। लेकिन प्रकृति ने इसकी इस कमी को इसकी असाधारण नाक के जरिए पूरा कर दिया है। इसकी नाक केवल सूंघने का नहीं, बल्कि स्पर्श के जरिए पहचान करने का भी अत्यंत तेज साधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह जीव दुनिया के सबसे तेज खाने वाले स्तनधारियों में गिना जाता है। यह महज 0.2 से 0.3 सेकंड में अपने शिकार की पहचान कर उसे निगल सकता है। इसकी नाक में लगभग 25,000 से अधिक संवेदनशील रिसेप्टर्स होते हैं, जो इसे बेहद सूक्ष्म स्पर्श को भी महसूस करने की क्षमता देते हैं। यही कारण है कि यह अंधेरे और मिट्टी के भीतर भी आसानी से भोजन खोज लेता है।



### पानी के भीतर भी शिकार करने की क्षमता

इस जीव की एक और अद्भुत क्षमता इसे और भी खास बनाती है। यह पानी के भीतर भी शिकार कर सकता है। यह अपनी नाक से छोटे-छोटे बुलबुले छोड़कर गंध को पहचानता है, जो इसे अन्य जीवों से अलग बनाता है। इसके भोजन में मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए और छोटे जलीय जीव शामिल होते हैं। भीषण सर्दियों में भी सक्रिय रहने वाला यह जीव पर्यावरण के अनुकूल ढलने की अद्भुत क्षमता रखता है। जहां अधिकांश जीव ठंड में निष्क्रिय हो जाते हैं, वहीं स्टार-नोज्ड मोल अपनी गतिविधियों को जारी रखता है और लगातार शिकार करता रहता है।

### वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय

वास्तव में, स्टार-नोज्ड मोल केवल एक विचित्र जीव नहीं, बल्कि प्रकृति की अद्भुत रचना का प्रतीक है। इसकी विशेषताएं न केवल इसे जीवित रहने में मदद करती हैं, बल्कि वैज्ञानिकों के लिए भी अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण विषय प्रस्तुत करती हैं। यह जीव हमें यह सिखाता है कि प्रकृति अपने हर जीव को उसके वातावरण के अनुरूप ढालने में कितनी सक्षम और अद्भुत है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक "**गिलेडविन मसीह**" के लिए "**बुलंद मंज़िल**" हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**


CMYK

# कांग्रेस नेता पर मुकदमा, पत्नी और जिला अध्यक्ष ने कहा पुलिस प्रशासनऔर भाजपा कर रही हैं तानाशाही




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सैद नगली।** नगर पंचायत में मारपीट, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में दर्ज मुकदमे ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। इस मामले में आरोपी बनाए गए राजपाल सैनी, जो कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बताए जा रहे हैं, को लेकर क्षेत्र में सियासी माहौल गरमा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात नगर पंचायत सैदनगली के कर्मचारी सड़क किनारे सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि राजपाल सैनी ने उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और सरकारी कार्य में बाधा डाली। कर्मचारियों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं दूसरी ओर, आरोपी की पत्नी संतोष देवी ने इस पूरे मामले को साजिश करार दिया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनके पति को राजनीतिक द्वेष के चलते फंसाया गया है, क्योंकि वे लगातार नगर पंचायत की समस्याओं को सोशल मीडिया, विशेषकर फेसबुक के माध्यम से उठाते रहे हैं। संतोष देवी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि घटना के दौरान कई लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की। जब उन्हें सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचीं, जहां उनके साथ भी नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बदसलूकी की। उनका आरोप है कि उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए और गले में रखे करीब 18,000 रुपये भी छीन लिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में थाना सैदनगली में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते उनकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा कर्मचारियों की शिकायत के आधार पर उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। गौरतलब है कि नगर पंचायत सैदनगली की अध्यक्ष भाजपा से संबंधित हैं, जबकि राजपाल सैनी कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसे में इस पूरे मामले को सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव के रूप में भी देखा जा रहा है। इस बीच कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा के नेता षड्यंत्र के तहत कांग्रेस कार्यकताओं को फंसा रहे हैं, ताकि उनके भ्रष्टाचार के मामलों पर पर्दा डाला जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता न कभी डरे हैं और न डरेंगे, बल्कि लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे और समय आने पर इन आरोपों का जवाब दिया जाएगा। वहीं, थानाध्यक्ष विकास कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हुई है। प्रथम दृष्टया मामला मारपीट का प्रतीत हो रहा है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज कर दी है, वहीं स्थानीय लोगों के बीच भी इस मामले को लेकर चचाएं जोरों पर हैं।

# स्थापना दिवस व हनुमान जयंती पर जुटेंगे लोग, दीपक गुर्जर की अपील





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर ने जनपदवासियों से 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह कार्यक्रम प्यारे लाल गार्डन, झकड़ी अड्डा हसनपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें संघ का स्थापना दिवस और हनुमान जयंती दोनों ही उत्सव धूमधाम से मनाए जाएंगे। दीपक गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। हनुमान जी की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ-साथ समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, युवाओं और समाजसेवियों से अपील की कि वे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और इस पावन अवसर का हिस्सा बनें। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और इसे सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# दबंगों का कहर : घर में घुसकर हमला, समझौते के लिए दी जान से मारने की धमकी



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजीव कुमार पुत्र बुद्ध सिंह ने शिकायत में बताया कि उसका और उसके भाइयों संजय सिंह व राजवीर सिंह का गांव के ही विरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह व अन्य के साथ दीवानी मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि विपक्षीगण उनकी जमीन पर अवैध निर्माण करना चाहते हैं और समझौते के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। घटना बीते 16 मार्च की शाम करीब 6 बजे की है, जब राजीव की पत्नी खेत से वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान आरोपी विरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह व नौबहार सिंह अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने आते ही गाली-गलौज करते हुए राजीव, उसकी पत्नी और भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ ही धमकी दी कि यदि प्रार्थना पत्र वापस नहीं लिया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित के अनुसार, घटना का वीडियो भी किसी ने बना लिया, जिसमें आरोपी खुलेआम पुलिस और प्रशासन को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि नौबहार सिंह, जो सेना में कार्यरत है, छुट्टी पर आकर दबंगई दिखाता है और परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता है। घटना के दौरान पीड़ित ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी थी। अब पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित परिवार ने अपनी सुरक्षा की मांग भी उठाई है।

# खाकी के सिपाहियों को अंतिम सलाम, विदाई में छलके जज्बात





**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** पुलिस विभाग में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले चार पुलिसकर्मियों को मंगलवार को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में क्षेत्राधिकारी अवधभान सिंह ने अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को सराहा। समारोह के दौरान महिला निरीक्षक संध्या वैश्य, उप निरीक्षक रनवीर सिंह, उप निरीक्षक (रेडियो) हरवीर सिंह तथा मुख्य आरक्षी राधेश्याम सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवाकाल को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और विभाग के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण को प्रेरणादायक बताया। क्षेत्राधिकारी अवधभान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि विभाग उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव समाज और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। समारोह में मौजूद अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी सेवानिवृत्त साथियों को फूलमालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी। पूरे कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा, जहां साथियों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। अंत में सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।

# हसनपुर में निकली भव्य बालाजी शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से किया सहभाग



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** नगर में मंगलवार को बालाजी की भव्य शोभायात्रा बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा मोहल्ला कायस्थान स्थित श्री राम जानकी बालाजी दरबार के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद शोभायात्रा रहरा अड्डा से प्रारंभ होकर शिवाजी मार्ग, पंसारा बाजार, पुराना सिंडिकेट बैंक मार्ग और डॉ. विनोद अग्रवाल वाली गली से होते हुए पुनः राम जानकी दरबार पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सजी विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। राधा-कृष्ण और सुदामा की झांकी, शिव-पार्वती स्वरूप, माता काली का अखाड़ा तथा हनुमान दरबार की झलकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। डीजे पर बज रहे भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए जयकारे लगाते नजर आए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ पूरे मार्ग पर तैनात रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता, अर्पण गुप्ता, अशोक चौहान, विक्रांत शर्मा, मिथिलेश शर्मा, नरेंद्र चौहान और राजपाल चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर का स्मार्ट फायदा : बिल में कटौती, बत्ती नहीं होगी गुल




**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** जनपद के बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर योजना अब राहत और सुविधा का बड़ा जरिया बनती जा रही है। विद्युत विभाग ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को और अधिक उपभोक्ता हितैषी बनाते हुए कई नई सुविधाएं लागू की हैं, जिनका सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा। अब उपभोक्ता जब अपने स्मार्ट मीटर को मोबाइल की तरह रिचार्ज करेंगे, तो उन्हें बिजली बिल पर सीधे 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। अधीक्षण अभियंता विष्णु दयाल यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ह्लनो डिस्कनेक्ट जोनह्व भी लागू किया गया है। इसके तहत शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, जिसे ह्यहैप्पी आवर्सह्व कहा गया है, बैलेंस खत्म होने पर भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इतना ही नहीं, बैलेंस शून्य होने पर उपभोक्ताओं को 3 दिन का इमरजेंसी क्रेडिट भी मिलेगा, जिससे उन्हें अचानक अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। पुराने बकाये से परेशान उपभोक्ताओं को भी राहत दी गई है। अब 10 हजार रुपये तक के बकाये पर हर रिचार्ज से सिर्फ 10 प्रतिशत राशि ही कटेगी। इसी तरह 10 से 15 हजार तक 15%, 15 से 20 हजार तक 20% और 20 हजार से अधिक बकाये पर 25% कटौती का प्रावधान किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के बोझ से मुक्ति मिलेगी। अगर किसी उपभोक्ता को अपने स्मार्ट मीटर की रफ्तार पर संदेह है, तो वह 1912 टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलने पर विभाग तुरंत मीटर बदलने के बजाय उसके साथ एक ह्यचेक मीटरह्व लगाकर पारदर्शी जांच करेगा, जिससे उपभोक्ता खुद रीडिंग की तुलना कर सकेगा। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी स्मार्ट मीटर को अनुकूल बनाया गया है। अब सोलर पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं को अलग से मीटर बदलवाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि यही मीटर नेट मीटरिंग के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। विभाग ने साइबर ठगी को लेकर भी चेतावनी दी है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म जैसे यूपीपीसीएल वेबसाइट, स्मार्ट ऐप, पेटीएम, गूगल पे या जन सुविधा केंद्र के माध्यम से ही रिचार्ज करें। किसी भी तरह के फर्जी मैसेज या कॉल से सतर्क रहें। यदि रिचार्ज के बाद बैलेंस अपडेट न हो या बिजली आपूर्ति बाधित हो जाए, तो उपभोक्ता तुरंत 1912 पर संपर्क कर समाधान पा सकते हैं। कुल मिलाकर, स्मार्ट मीटर योजना उपभोक्ताओं को पारदर्शिता, सुविधा और आर्थिक राहत देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है।

# स्कूल में एक हफ्ते में दो बार चोरी : आखिर कब जागेगी पुलिस





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगलिया मुंशी स्थित एसपीएस स्कूल में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं, इस घटना को लेकर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में सुरक्षा को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। मंगलवार सुबह जब स्कूल संचालक सतवीर सिंह रोजाना की तरह विद्यालय पहुंचे तो मुख्य गेट और कमरों के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो कमरों में रखा सामान बिखरा पड़ा था और कई जरूरी सामान गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और चोरी की वारदात पर आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह पहले भी इसी स्कूल में चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस अभी तक उस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। ऐसे में दूसरी बार चोरी होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रात के समय गश्त नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं, ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया की स्कूल के ताले तोड़कर इनवर्टर बैट्री की घटना जानकारी में आई है जांच पड़ताल की जा रही है।

# हाई टेंशन लाइन से टकराया पोल, करंट की चपेट में आकर मजदूर की दर्दनाक मौत



मृतक जोगराज सिहं का फाइल फोटो



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**आदमपुर ब्यूरो।** पंजाब के लुधियाना में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी 45 वर्षीय मजदूर जोगराज सिंह की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए लुधियाना में विद्युत लाइन खींचने का कार्य कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 6:30 बजे जोगराज सिंह अन्य मजदूरों के साथ विद्युत पोल लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन का ध्यान नहीं दिया गया। जैसे ही पोल को खड़ा किया गया, वह हाई टेंशन लाइन से टकरा गया, जिससे तेज करंट प्रवाहित हो गया। करंट की चपेट में आते ही जोगराज सिंह गंभीर रूप से झुलस गए और कुछ ही मिनटों में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल सका। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की गई। मंगलवार को मृतक का शव गांव भीमा सुल्तानपुर लाया गया, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जोगराज सिंह अपने पीछे पत्नी और पांच छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार के सामने अब भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने की भी अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# नशीला खाना बना हथियार, शादी से पहले बेटी को ले उड़े आरोपी, रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के एक गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक परिवार को कथित रूप से नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया गया और इसी दौरान युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की शादी आने वाली 5 अप्रैल 2026 को तय थी। आरोप है कि 29 मार्च की रात करीब 8 बजे गांव के ही रिजवान पुत्र तौफीक और जुनैद पुत्र साकिर उनके घर आए। दोनों ने कथित रूप से साजिश के तहत घर के खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया, जिसे खाने के बाद पूरा परिवार बेहोश हो गया। पीड़ित के अनुसार, पड़ोसियों आरिफ और अशरफ ने घर में सभी को बेहोशी की हालत में देखा और तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित व उसकी पत्नी, बेटे व बेटियां समेत कई परिजन अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। होश आने पर पीड़ित ने देखा कि उसकी बेटी घर में नहीं है। काफी तलाश के बाद जानकारी मिली कि रिजवान उसे अपने साथ ले गया है, जिसमें जुनैद की भी संलिप्तता बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में दहशत और चिंता का माहौल है। थाना अमरोहा देहात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद, लाठी-डंडों से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव हाजरपुर में नाले की मेड़ को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव हाजरपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र मुखत्यार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार को सुबह करीब 11:45 बजे अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुशल कुमार पुत्र मुखत्यार सिंह, अमित पुत्र गोकल, निवासी गढ़ हाजरपुर, विनीत पुत्र मेघराज निवासी सहापुर अब्दुलावारी थाना कांठ जिला मुरादाबाद तथा आयुष पुत्र जयवीर निवासी सुल्तानपुर थाना अमरोहा देहात मौके पर पहुंचे। आरोप है कि नाले की मेड़ तोड़ने को लेकर चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब विपिन ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों और तमंचे की बट से उस पर हमला कर दिया। हमले में विपिन को चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर उसकी भाभी वबिता पत्नी वीरेंद्र और यशी पुत्री वीरेंद्र पहुंचीं, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल का हालचाल लिया। थाना अमरोहा देहात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



# डिडौली में टक्कर लगने से ई रिक्शा सवार की मौत

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के पाकबड़ा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मारी ई-रिक्शे को टक्कर मौके पर ई-रिक्शा में सवार छात्र की मौत परिवार के अन्य 5 लोग गभीर रूप से घायल आपको बता दे कि सोमवार को देर शाम करीब 7 बजे डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गाव ब्राह्मणों बाली मड़ैया निवासी अलीजान अपनी पत्नी नाजिया , माँ आमना , बेटा अल्फेज व आवान , भतीजा गुड्डू के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर किसी काम से अमरोहा जा रहे थे जैसे ही ई-रिक्शा गांव शाहपुर पैगम्बरपुर के पास पहुँचा तभी पाकबड़ा दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिसमे ई-रिक्शा पलट गया और सवार सभी ई रिक्शा के नीचे दब गए टक्कर की आवाज सुनकर राहगीरों ने ई रिक्शा को सीधा कर सभी सवारियों को उठाया जिसमे अलीजान का 12 बर्षीय एक बेटा अल्फेज गम्भीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में अस्पताल जाते समय अल्फेज ने दम तोड़ दिया परिजनों को बच्चे की मौत का सूचना सुनकर चीख पुकार मच गई परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही के ही 12 बर्षीय अल्फेज के शव का दफिना कर दिया। वही डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार वालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण में कोई सूचना नही दी गयी तहरीर मिलने और कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



मृतक अल्फेज का फाईल फोटो

# रजबपुर पुलिस की कार्रवाई : 2 अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रजबपुर ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रजबपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमरोहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनवर पुत्र अकबर निवासी ग्राम अतरासी कलां थाना रजबपुर तथा हिमांशु पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम अम्बेडकर नगर थाना रजबपुर शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों को संबंधित धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी, खरीदारी करने गया युवक लौटा तो उड़े होश

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** कस्बे के साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को बाइक चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। क्षेत्र के गांव जग्गा नंगला निवासी रिजवान पुत्र रशीद अपनी बाइक से घरेलू सामान खरीदने बाजार आए थे। बाजार में भीड़ अधिक होने के चलते उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और सामान लेने चले गए । कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। बाइक न देखकर रिजवान के होश उड़ गए। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत डिडौली कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी। गौरतलब है कि हर मंगलवार को डिडौली में साप्ताहिक बाजार लगता है, जहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोरों द्वारा वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि बाइक चोरी की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# मनबुद्धि नाबालिक के साथ कुकर्म, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** घटना सोमवार की देर शाम की हैं डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया के एक मोहल्ला निवासी मजदूर का एक बेटा मनबुद्धि जो कि नाबालिक हैं उसको लाताश करने मनबुद्धि के पिता जगह जगह अपने बेटे को तलाश कर रहे थे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पता चला कि उनका नाबालिक मनबुद्धि बेटे को क्षेत्र के ही एक मोहल्ले के निवासी दो युवक जगंलों की तरफ ले गए है पिता उसकी तलाश में जंगलों में जाते समय सामने से आ रहा उनका बेटा ओर दो ओर लड़के दिखाइ दिए मनबुद्धि के पिता को देखकर दो युवक वहा से भाग निकले और मनबुद्धि नाबालिक युवक ने अपने पिता को जानकारी देते हुए बताया कि अम्बेडकर नगर जोया के तीन युवकों ने जंगलों में लेकर उसके साथ बारी बारी से कुकर्म किया पिता को मिली जानकारी से पिता के होश उड़ गए और आनन फानन में मनबुद्धि नाबालिक युवक को लेकर डिडौली कोतवाली पहुँचे ओर उक्त लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी पुलिस ने नाबालिक के पिता की तहरीर के आधार पर कपिल व सुमित और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया वही डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि उक्त प्रकरण में बच्चे के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है जिनकी तालाश में पुलिस जुटी है।




# ऑपरेशन किरन में रहरा पुलिस की सराहनीय पहल, बिछड़ी मासूम को परिवार से मिलाया

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक लाखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद भर में चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व के अंतर्गत थाना रहरा पुलिस ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक चार वर्षीय मासूम बच्ची को उसके परिजनों से मिलाकर परिवार की खुशियां लौटा दीं। मंगलवार को थाना रहरा की मिशन शक्ति टीम एंटी रोमियो चेकिंग अभियान के दौरान कस्बा रहरा में भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक नन्ही बच्ची को लावारिस हालत में घूमते हुए पाया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित थाना लाकर मिशन शक्ति केंद्र पर रखा, जहां उसे खाने-पीने की सामग्री और खेलने के लिए खिलौने उपलब्ध कराए गए, जिससे वह सहज महसूस कर सके। पूछताछ के दौरान बच्ची ने अपना नाम गुडिया उर्फ सोनिया बताया, जिसकी उम्र करीब चार वर्ष है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में जानकारी मिली कि उसके पिता मानसिंह और माता विमला देवी रहरा अस्पताल में मौजूद हैं। पुलिस ने उन्हें सूचना देकर थाना बुलाया। थाना पहुंचने पर आवश्यक पुष्टि के बाद बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने रहरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।




# नाबालिग अपहरण केस में फरार अभियुक्त ने थाने पहुंचकर किया सरेंडर

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और दबाव के चलते एक वांछित अभियुक्त ने आखिरकार आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना गजरौला पुलिस ने 01 वांछित अभियुक्त अशोक यादव पुत्र प्रेमसिंह निवासी काका बेगपुर थाना दादो जनपद अलीगढ़ को संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 472/25, धारा 87, 65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में थाना गजरौला पुलिस लगातार अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते अभियुक्त ने स्वयं थाना गजरौला पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए पुलिस ने बताया कि दिनांक 20 सितंबर 2025 को वादी जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर निवासी ने तहरीर पर अभियुक्त के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभ में धारा 137(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर धारा 87, 65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।



# रास्ता से हटाने को कहने पर दबंगों ने लाठियों से हमला कर जाति सूचक शब्दों से किया अपमानित

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**आदमपुर ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गांव सांथलपुर चक की मढैया निवासी एक युवक के साथ रास्ता रोकने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी भोपाल पुत्र फतेह सिंह ने थाना आदमपुर में दी गई तहरीर में बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब 10 बजे अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में एक ट्रैक्टर खड़ा था, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा था। जब उसने ट्रैक्टर हटाने के लिए कहा, तो वहां मौजूद शिवम और सौरभ पुत्रगण दुर्गेश निवासी ग्राम प्रेमनगर उर्फ नया गांव थाना आदमपुर अपने दो अन्य साथियों के साथ उस पर भड़क गए। आरोप है कि सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे अपमानित भी किया। मारपीट के दौरान पीड़ित को कई गंभीर व हल्की चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद घायल अवस्था में पीड़ित थाना आदमपुर पहुंचा और पूरी घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# मिशन शक्ति के तहत बड़ी कार्रवाई : 6 अभियुक्त गिरफ्तार




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**मंडी धनौरा ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी धनौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लाखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रभावी अभियान चलाते हुए विभिन्न स्थानों से आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल व रितिक कुमार निवासी ग्राम गढ़ी फरीदपुर थाना बछरायूं, उरेन्द्र निवासी ग्राम धनौरी माफी, सरफराज निवासी ग्राम चुचैला कला, तथा आजाद व जिशान निवासी ग्राम डीगरा थाना मंडी धनौरा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों के खिलाफ धारा 170/ 126 /135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के बाद सभी को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

# दिनदहाड़े बाग में चोरी, कोठरी का दरवाजा तोड़कर ले गए कीटनाशक व उपकरण



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सैद नगली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में आम के बाग में चोरी की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हैवतपुर बंजारा थाना हसनपुर निवासी अब्दुल वाहिद पुत्र खैराती ने थाना सैद नंगली में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी अब्दुल वाहिद ने बताया कि उसने गांव दाऊदपुर जागीर स्थित बाग मालिक दानिश के आम के बाग की फसल ले रखी है। रविवार को सुबह करीब 11:10 बजे जब वह बाग में पहुंचा तो देखा कि वहां बनी कोठरी के ऊपर वाले कमरे का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कोठरी में रखा सामान गायब मिला। चोर कोठरी में रखी तीन चायना टॉर्च, एक गैस रेगुलेटर, दो ट्यूबवेल स्टार्टर तथा करीब 20 लीटर कीटनाशक दवाई और दो डिब्बे चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रार्थी ने तुरंत सुबह 11:20 बजे यूपी 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर यूपी 112 की टीम और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सैद नंगली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही चोरों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र में किसानों और बाग मालिकों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी किसान ने कोतवाली हसनपुर में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार को उनके चचेरे भाई की पुत्री की शादी गांव में थी। इस शादी समारोह में उनकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 16 वर्ष भी शामिल हुई थी। आरोप है कि रात करीब 8 बजे ग्राम पिपलौती खुर्द निवासी नाजिम पुत्र अपसार अपने साथी शाकिर पुत्र उम्मेद के साथ मिलकर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। वादी ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि घटना के दौरान उनकी पुत्री को ले जाते हुए गांव के ही लोगों ने देखा था। घटना की जानकारी होने पर जब पीड़ित पिता अपनी पुत्री को वापस लाने के लिए आरोपियों के घर पहुंचे, तो वहां मौजूद परिजनों ने लड़की को वापस देने से साफ इनकार कर दिया। साथ ही, किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना से पीड़ित परिवार में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है। पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही किशोरी की बरामदगी कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी की खुशियां बनीं खूनी झगड़ा, डीजे पर डांस के बीच मारपीट

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव पायती खुर्द निवासी अन्जारूल पुत्र बाबू खाँ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह सोमवार को लगभग दोपहर 1:20 बजे गांव पायंती कला में एक शादी समारोह में दावत खाने गया था। कार्यक्रम के दौरान डीजे पर डांस चल रहा था, तभी किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही नोशाद पुत्र इरशाद, ओसाद पुत्र मल्लू खां, नदीम पुत्र मल्लू खां तथा मल्लू खां पुत्र शब्बीर ने अन्जारूल और उसके भाई नजारूल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अन्जारूल के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे खून बहने लगा। वहीं उसके भाई के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। थाना डिडौली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# तंत्र-मंत्र के जाल में फंसी बेटी, पड़ोसी ने उड़ाए लाखों के जेवर

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में तांत्रिक क्रिया के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पड़ोसी युवक ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर उससे नगदी और कीमती जेवरात हड़प लिए। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गजरौला के मोहल्ला बुद्ध बाजार निवासी डॉ. बाकर अली खान ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी फिजा खान को कुछ दिन पहले स्कूल न जाने पर उन्होंने डांट दिया था। इसी बात का फायदा उठाते हुए पड़ोस में रहने वाले तनवीर पुत्र शेर मोहम्मद ने उनकी बेटी से बातचीत शुरू की। उसने लड़की को अपने झांसे में लेकर तांत्रिक क्रिया के जरिए परिवार को वश में करने का लालच दिया।



आरोप है कि तनवीर ने लड़की को बहकाकर उससे करीब 80 हजार रुपये नकद, चार सोने के कंगन (लगभग 8 तोला), एक सोने की अंगूठी (करीब 2 तोला), एक सोने की जंजीर (करीब 2 तोला) और एक जोड़ी चांदी की पायल ले ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब 25 फरवरी 2026 को पीड़ित की पत्नी ने अलमारी चेक की और सामान गायब पाया। सख्ती से पूछताछ करने पर बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब पीड़ित ने आरोपी तनवीर से बात की तो उसने सामान बेच देने की बात स्वीकार की और उल्टा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना गजरौला पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ओएमएस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण, बिजली आपूर्ति बहाली में तेजी के निर्देश

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद/मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने मंगलवार को ऊर्जा भवन स्थित ओएमएस (डटर) कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति से जुड़े फीडरों की कार्यप्रणाली और मॉनिटरिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित आपूर्ति बहाली के निर्देश दिए प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट किया कि किसी भी फीडर के बाधित होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि न्यूनतम समय में बिजली आपूर्ति बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति देना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है



निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए उन्होंने तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग और कार्यप्रणाली को सक्रिय बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके इस मौके पर निदेशक (तकनीकी) एन. के. मिश्र ने भी फीडरवार निगरानी को और सुदृढ़ करने तथा विद्युत बाधाओं की सूचना मिलते ही तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान स्टाफ ऑफिसर सोनम सिंह, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मझोला के बुद्धि विहार में देर रात छापा, संगठित रैकेट का पदार्फाश

**बुलंद मंजिल- ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र स्थित बुद्धि विहार कॉलोनी में, पुलिस ने एक बड़े और संगठित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ कर सनसनी फैला दी है। रिहायशी इलाके में चल रहे इस अवैध कारोबार का खुलासा होते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह रैकेट लंबे समय से बेहद सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा था, जिसकी भनक आम लोगों को तक नहीं लगने दी गई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को इस अवैध गतिविधि की गुप्त सूचना काफी समय से मिल रही थी। इसके बाद, पुलिस ने पूरी योजना के साथ देर रात संबंधित मकान पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घर के अंदर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके से कई



युवक और युवतियों को संदिग्ध हालत में हिरासत में लिया। छापेमारी के दौरान, पुलिस को मौके से कई आपत्तिजनक सामग्री और दस्तावेज भी मिले हैं, जिनसे यह संकेत मिल रहे हैं कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं, बल्कि एक संगठित रैकेट हो सकता है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क का दायरा शहर के अन्य इलाकों तक भी फैला हो सकता है। पुलिस ने सभी आरोपियों को थाने लाकर उनसे गहन पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल, पकड़े गए लोगों की पहचान उजागर नहीं की गई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि, मुरादाबाद में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस अब इस रैकेट के मास्टरमाइंड और इसके पीछे काम कर रहे पूरे गिरोह का पदार्फाश करने में जुट गई है। घटना के बाद, बुद्धि विहार सहित आसपास के इलाकों में दहशत और चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, जिस तरह से एक शांत और पॉश कॉलोनी में इस तरह की गतिविधियां चल रही थीं, वह बेहद चौंकाने वाला है। लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए, क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का दावा है कि, आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं, जिससे इस पूरे रैकेट के नेटवर्क और उससे जुड़े प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। हालांकि, इस मामले को देखते हुए, पुलिस के उच्च अधिकारी का कोई भी बयान अभी तक सामने नहीं आया है।

# गांगन नदी पर 29.07 करोड़ से बनेगा पुल, कुंदरकी क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम जैतिया फिरोजपुर और मुंडापांडे ब्लॉक के ग्राम जैतिया सादुल्लापुर के मध्य गांगन नदी पर लंबे समय से लंबित पुल निर्माण का सपना अब साकार होने जा रहा है। शासन ने 29 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से पुल, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ 81 लाख रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है सेतु निगम द्वारा जल्द ही भूमि अधिग्रहण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस पुल की मांग क्षेत्रवासी दशकों से करते आ रहे थे कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विधायक बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष कई बार इस पुल निर्माण की मांग उठाई थी। उनके प्रयासों के चलते ही शासन से स्वीकृति मिल पाई है। दरअसल, गांगन नदी दोनों गांवों के बीच बहती है, जिससे एक ओर गांव और दूसरी ओर किसानों की जमीन स्थित है। पुल न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुरादाबाद या कुंदरकी आने-जाने के लिए लोगों को आरटीओ ऑफिस और पंडित नगला होते हुए करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जैतिया फिरोजपुर के बच्चे पढ़ाई के लिए नदी पार कर स्कूल जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। अतीत में कई बच्चे और किसान नदी पार करते समय अपनी जान गंवा चुके हैं गांव के पास स्थित रेलवे पुल का उपयोग भी ग्रामीण मजबूरी में करते रहे हैं, लेकिन यह बेहद जोखिम भरा साबित हुआ है। कुछ वर्ष पूर्व महादेव मंदिर ईंधनपुर नगला जाते समय ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हुए थे सड़क निर्माण को भी मिली मंजूरी इसके अलावा शासन ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ रुपये की लागत से 7 सड़कों के निर्माण को भी स्वीकृति दी है, जिसके तहत 2 करोड़ 40 लाख रुपये जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम घोंडा, मिलक जैतपुर, दुपेड़ा, नववानगला, मौसमपुर, मसेवी रसूलपुर और वाहपुर में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।118 करोड़ की योजनाएं हुईं स्वीकृत विगत छह माह में कुंदरकी विधायक द्वारा उठाई गई मांगों के आधार पर विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 118 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# पहले ही प्रयास में दीक्षा अग्रवाल बनीं डिप्टी कलेक्टर, बिना कोचिंग रचा सफलता का इतिहास बनी डिप्टी कलेक्टर

**बुलंद मंजिल/ सलमान युसूफ**

**मुरादाबाद।** शहर की बेटी दीक्षा अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (वढढरउ) परीक्षा में 15वीं रैंक हासिल कर डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित होकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को और भी खास बनाती है यह बात कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के, केवल सेल्फ स्टडी के दम पर पहले ही प्रयास में यह मुकाम हासिल किया। दीक्षा की सफलता आज उन तमाम युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया




कि अगर इरादे मजबूत हों, मेहनत सच्ची हो और लक्ष्य स्पष्ट हो, तो सफलता किसी भी हाल में हासिल की जा सकती है। दीक्षा ने बताया कि उन्होंने साल 2020 से अपनी तैयारी शुरू की थी। इस दौरान उन्होंने किसी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया, बल्कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास को अपनी ताकत बनाया। उनका मानना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए एक ही मंत्र सबसे कारगर है–निरंतरता। उन्होंने कहा कि कभी बहुत ज्यादा और कभी बिल्कुल नहीं पढ़ने से बेहतर है कि रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ा जाए। सफलता का असली आधार कंसिस्टेंसी होती है। दीक्षा के मुताबिक, तैयारी के दौरान उन्होंने रोजाना पढ़ाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया था। यही आदत आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। अपनी इस सफलता का श्रेय दीक्षा ने अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि उनकी मां एक शिक्षिका हैं और पिता एक छोटी सी दुकान चलाते हैं, लेकिन दोनों ने हर परिस्थिति में उनका मनोबल बढ़ाया और हर कदम पर उनका साथ दिया। दीक्षा ने भावुक होकर कहा कि परिवार के समर्थन और विश्वास ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। दीक्षा की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का घर पर लगातार तांता लगा हुआ है। क्षेत्रवासियों ने भी इस सफलता को मुरादाबाद के लिए गर्व का क्षण बताया है। युवाओं को संदेश देते हुए दीक्षा ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। अगर लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और समर्पण हो, तो सफलता जरूर मिलती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वे खुद पर भरोसा रखें और पूरी लगन से अपने सपनों को साकार करने में जुट जाएं। दीक्षा अग्रवाल की यह सफलता न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उन युवाओं के लिए भी उम्मीद की नई रोशनी है, जो संघर्ष के रास्ते पर चलकर अपने सपनों को हकीकत में बदलना चाहते हैं।

# 21 अप्रैल को निकलेगी भारतीय हिंदू सरकार संघ की भव्य पदयात्रा, रामलीला ग्राउंड से मनोनाथधाम तक होगा आयोजन

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय हिंदू सरकार संघ के तत्वावधान में 21 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा प्रातः 8 बजे रामलीला ग्राउंड, लाइनपार, मुरादाबाद से प्रारंभ होकर मनोनाथधाम तक जाएगी कार्यक्रम का शुभारंभ कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर रामवीर सिंह (एडवोकेट) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज में भाईचारा, धार्मिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है इस अवसर पर




संगठन के प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिनमें– राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापकः ठाकुर बृजेश सिंह राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारीः चमन लाल सैनी

प्रदेश अध्यक्षः करण प्रताप सिंह

जिला अध्यक्ष (मुरादाबाद) : रामू सैनी

आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं पदयात्रा में शामिल होने हेतु इच्छुक व्यक्ति संपर्क नंबर 6396565428 एवं 9639743952 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मुरादाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रेस वार्ता, निगम पर लगाए गंभीर आरोप

**बुलन्द मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** । पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अम्बेडकर पार्क, सिविल लाइन में राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने नगर निगम प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए और हाल ही में दर्ज मुकदमे को फर्जी बताया प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि 30 मार्च को संगठन की ओर से पीली कोठी स्थित नगर आयुक्त कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में मांग की गई थी कि शहर में दुर्घटनाग्रस्त निराश्रित गोवंश के लिए नगर निगम द्वारा विशेष वाहन की



व्यवस्था की जाए। साथ ही निगम गोशाला के प्रबंधक पर कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी उन्होंने यह भी कहा कि गुलाब बाड़ी क्षेत्र में पड़ी एक विवादित भूमि पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिसे समाप्त कर वहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त गौशाला एवं पशु चिकित्सालय का निर्माण कराया जाए प्रेस वार्ता में रोहन सक्सेना ने आरोप लगाया कि ज्ञापन देने के अगले ही दिन नगर निगम द्वारा संगठन के कार्यकताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपों में आवासीय परिसर में प्रवेश, कार्यालय में तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी बातें कही गई हैं, जिन्हें उन्होंने निराधार बताया उन्होंने कहा कि पूरे कार्यक्रम की वीडियोग्राफी उपलब्ध है और यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। उनके अनुसार, मौके पर पुलिस एवं अन्य एजेंसियां मौजूद थीं, ऐसे में यदि कोई तोड़फोड़ हुई होती तो तत्काल कार्रवाई होती प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि मुकदमे की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और साक्ष्य प्रस्तुत करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि मुकदमा फर्जी पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मानहानि का मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा इस अवसर पर अमित अग्रवाल (महानगर महामंत्री, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद), विजय शर्मा (महानगर महामंत्री, राष्ट्रीय बजरंग दल), इशांक भारद्वाज (महानगर सुरक्षा प्रमुख) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इस्लाम और दीनी तालीम के मुखालिफ लोगों पर इमाम ऐ हुसैन और हुसैनियों की लानत होती है-मौलाना शान हैदर रिजवी कुम ईरान

**बुलंद मंजिल-ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर बदायूं में 29 मार्च 2026 को बच्चों के लिए एक दीनी क्लास का जनाब गुलाम अब्बास ( राजू ) साहब की तरफ से ऐलान किया गया यह एक अच्छा और जरूरी कदम था लेकिन अफसोस की कुछ नामनिहाद मुसलमान कहने वाले ऐसे अफराद इस दर्सगाह के खिलाफ खड़े हो गए और और मस्जिद इमामबारगाह के दरवाजों को दीनी दर्सगाह के लिए बंद कर दिया ऐसे अफराद जो अपनी अना और दौलत के नशे में चूर हो कर दीन के ठेकेदार बने बैठे हैं जिनका दीन से कोई ताल्लुक नहीं जो इश्तेहारों में सब से ऊपर अपना नाम और अपने फोटो की नुमाइश करते रहते हैं और दीन



और तालीम को अपने पैरों से रौंदते रहते हैं ऐसे पढ़े लिखे खानदानी जाहिलो से उम्मत को होशियार रहना पड़ेगा। मेरी ख्वाहिश है जो भी आलिम और मौलाना बदायूं की सर जमीन पर कदम रखे उस पर वाजिब है कि वह इस मसले को उठाए और हुसैनी मकसद इसलाह और तालीम पर जोर दे ताकी जहनों में बसी जिहालत को दूर किया जा सके।

# विकास के दावों की खुली पोल सुरपुर में दो-दो फीट कीचड़ के बीच तैरकर राहगीर तय कर रहे सफर

**दैनिक बुलंद मंज़िल /रामौतार शर्मा**

**संभल/गुन्नौर।** एक तरफ सरकार प्रदेश में गड्ढामुक्त सड़कों व बेहतर कनेक्टिविटी के दावे कर रही है, वहीं गुन्नौर तहसील का गांव सुरपुर सरकारी दावों की धज्जियां उड़ा रहा है। गांव के मुख्य मार्ग पर पसरे दो-दो फीट कीचड़ ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात यह हैं कि करीब एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाला यह मुख्य रास्ता अब दलदल में तब्दील हो चुका है, लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हैं।?स्कूली बच्चों व राहगीरों के लिए बनी सजा ?सुरपुर गांव का यह मार्ग केवल स्थानीय निवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के दर्जन भर गांवों के लिए भी मुख्य संपर्क मार्ग है। इस कीचड़ के कारण





स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बच्चे इस फिसलन भरे रास्ते पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं व उनकी ड्रेस तक खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी डरने लगे हैं।?बीमारी फैलने का डर, अधिकारी मौन ?सड़क पर जमा गंदा पानी व कीचड़ अब संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है। मच्छरों के प्रकोप व दुर्गंध से गांव में महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि ?शिकायतों के बावजूद जिले के उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।?क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद से गायब हैं।?कागजों में विकास की गंगा बह रही है, लेकिन जमीनी हकीकत में सिर्फ कीचड़ व नारकीय जीवन है।हम कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।योगी सरकार में कागजी विकास तो दिख रहा है, पर हमारी जमीन पर सिर्फ गंदगी है।स्थानीय ग्रामीण ?जनता में भारी रोष ?ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो वे तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन और क्षेत्रीय नेता कब जागते हैं और सुरपुर की जनता को इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाते हैं।

# प्रीपेड मीटर के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने व अच्छाईयों के बारे में प्रचार-प्रसार हेतु जनपद के मीडिया बन्धुओं के साथ किया प्रेस कांन्फ्रेंस का आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल की अध्यक्षता में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, चन्दौसी, सम्भल एवं बबराला के साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने व अच्छाईयों के बारे में प्रचार-प्रसार हेतु जनपद सम्भल के मीडिया बन्धुओं के साथ प्रेस कांन्फ्रेंस आयोजित की गयी। अधीक्षण अभियन्ता निम्न बिन्दुओं को बताया गया। स्मार्ट मीटर में मापन तकनीकी में किसी भी तरह का बदलाव नही किया गया, केवल स्वतः बिल बनने की तकनीक डाटा का एकीकरण बढ़ायी गयी है। यदि किसी उपभोक्ता को ऐसा प्रतीत होता है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहा है, तो आवेदन उपरान्त चेक मीटर लगवाकर समस्या का निस्तारण करा दिया जायेगा।





स्मार्ट मीटर, स्मार्ट उपभोक्ता, स्मार्ट प्रदेश के तहत प्री-पेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर यू.पी.पी.सी.एल. ऐप को डाउनलोड करने पर उनको अपने बिल का पूर्ण विवरण प्रदर्शित होगा। स्मार्ट प्री-पेड मीटर उपभोक्ता द्वारा पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि को उनके बकाये में समायोजित किया जाएगा या सीधे उनके प्री-पेड बैलेंस में क्रेडिट कर दिया जाएगा। प्री-पेड में परिवर्तन के बाद उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत दरों पर 2 प्रतिशत की छूट मिलती है। शुल्क पूरी तरह से ऊर्जा खपत पर आधारित है, इसका विवरण एप पर उपलब्ध है। बिजली कटने के बाद, रिजार्ज करने के सामान्यतः 02 घण्टे के भीतर आपूर्ति बहाल हो जाती है। यदि 02 घण्टे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल नही होती है, तो 1912 पर कॉल करे। साथ ही जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम के मो० नं0 9193300411 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेन्स में इं० नीरज गर्ग, अधीक्षण अभियंता सम्भल एवं इं० दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता चन्दौसी, इं० अजय कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता बबराला, इं० रघुनाथ तित्तल, अधिशासी अभियंता सम्भल, एवं उपखंड अधिकारी चन्दौसी प्रथम, सहायक अभियन्ता, विद्युत परीक्षणशाला चन्दौसी आदि उपस्थित रहे।

# संभल में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग पुलिस ग्रामीणों में मिलकर आग पर पाया काबू

**दैनिक बुलंद मंज़िल /शाकिब अली**

**संभल।** जिले के ऐचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के कुतुबपुर सकता गांव में देर रात एक बड़ा हादसा टल गया खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई जिससे रसोई का सामान जल गया और ग्रह स्वामी मित्रपाल सिंह मामूली रूप से जुलूस गए पुलिस और ग्रामीणों की सूझबुझ से आग पर काबू पा गया घटना रात करीब 9:00 बजे की है मित्रपाल सिंह की दिव्यांग पुत्री मधु रसोई में गैस पर खाना बना रही थी अचानक सिलेंडर में लीकेज शुरू हो गई और देखते ही देखते आग ने सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया मधु की चीज



पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए आग ने तेजी से रसोई को अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह अफरा तफरी मच गई आनन-फानन में जलते हुए गैस सिलेंडर को उठाकर पास के तालाब में फेंक दिया गया इस दौरान गृह स्वामी मित्र पाल सिंह मामूली रूप से झुलस गए आग से रसोई का सारा सामान जलकर राख हो गया सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची पुलिस के दो जवान अनुज कुमार और रिजवान ने तालाब में प्रवेश किया और डंडे की मदद से पानी में भिगोया हुआ कपड़ा सिलेंडर पर डालकर आग बुझाई आग बुझाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव, बच्चों ने बांधा समां

**बुलंद मंज़िल गुन्नौर**

**बबराला।** शाम विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम, उल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अलका शर्मा (बेसिक शिक्षा अधिकारी) ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में हर्षवर्धन वार्ष्णेय (नगर पंचायत चेयरमैन), अतुल गोयल उर्फ भोला (समाजसेवी), डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल



यादव, अमित यादव, एमएल पटेल, भगवान सिंह यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, अनिल गुप्ता, केवी यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में हास्य-परिहास से भरपूर नाटक, देशभक्ति से ओत-प्रोत समूह नृत्य, कविताएं, गीत एवं विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां शामिल रहीं। देशभक्ति प्रस्तुतियों ने दर्शकों में उत्साह और गर्व की भावना का संचार किया, वहीं हास्य कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली।

मुख्य अतिथि बीएसए अलका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और मंच पर अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में कपिल गोयल सोनू, गार्गी गोयल, स्वेता वार्ष्णेय, सोनल शर्मा, रूचि, अंजलि, समीक्षा, मीनाक्षी मिनोचा, सुशील शर्मा (प्रधानाचार्य), आकाश वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, मुरारी यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के संरक्षक अतुल गोयल उर्फ भोला ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास का अभिन्न हिस्सा हैं। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक कार्तिक गोयल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# समिति ने धूमधाम से मनाई जैन धर्म के 24बें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में दुनिया को सत्य, अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले जैन धर्म के 24बें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भगवान महावीर स्वामी का रोली चावल से तिलक कर पूजन किया। कवि माधव मिश्र ने कहा



कि भगवान महावीर स्वामी जी पंचशील सिद्धांत के प्रवर्तक हैं। वह जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं। जब पशु बलि एवं जाति भेदभाव का बोलबाला था उस समय भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य और अहिंसा का उपदेश दिया। जैन धर्म की स्थापना वैदिक काल में हुई थी। जैन धर्म के संस्थापक भगवान ऋषभ देव स्वामी थे। अंतिम तीर्थंकर अर्थात 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी ने जैन धर्म में अपेक्षित सुधार करके इसका व्यापक स्तर पर प्रचार किया। अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार, बंटू बघेल, अफजल खां, लोकेश यादव, आकाश, अश्विनी, नीतू ज्योति मौर्य, किशनपाल मौर्य,सपना, ने विचार व्यक्त किए। समारोह में सरोज, पूजा, जसपाल सिंह, राजवीर सिंह, सुशील यादव, रीना, फूलवती, रेखा, मोरकली, नत्थू लाल, सुरेश कुमार, मनोरमा, जावित्रीदेवी, राजेश कुमार, भूरे लाल, शिवानी, धर्मवती, जूली, सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिसरका के जंगल में खून से सना शव मिलने सनसनी फैल गई

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली** । सोमवार को घर से निकले व्यक्ति का सिसरका के जंगल में खून से सना शव मिलने सनसनी फैल गई । सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन वहां पर शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया, इसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से आसिफ उर्फ गुड्डू पुत्र इकबाल खां कस्बा निवासी के रूप में शिनाख्त हुई है, वहीं परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं फैजगंज बेहटा कस्बा के वार्ड संख्या आठ निवासी आसिफ उर्फ गुड्डू पुत्र इकबाल खां सोमवार को लगभग तीन बजे अपने घर से निकले थे। रात को





घर नहीं पहुंचे परिजनों को लगा किसी मित्र के पास जा सकतें हैं। मंगलवार को सुबह मुरादाबाद फरुर्खाबाद हाइवे से जंगल जाने वाले चकमार्ग के किनारे सिसरका के जंगल में लगभग हाइवे से तीन सौ मीटर अंदर चंदौसी निवासी सतीश के खेत में एक शव पड़ा था। शव के गले में काला गमछा फंसा हुआ था, तथा नाक और मुंह से खून निकला दिखाई दे रहा था, जिसके चलते प्रत्यक्षदर्शी हत्या मान रहे हैं । जिसकी सूचना ग्राम प्रधान सिसरका ने फैजगंज बेहटा थाने में दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की लेकिन वहां शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, तथा सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त की कोशिश शुरू की, सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त आसिफ उर्फ गुड्डू पुत्र इकबाल खां रूप में हुई है । वहीं मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं । वहीं एसपी देहात ह्रदेश कठेरिया ने भी घटना स्थल पहुंचकर मुआयना किया तथा घटना का खुलासा कर फैजगंज बेहटा पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए ।

## विकासखंड ठाकुरद्वारा में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन वी एस गार्डन, रामूवाला गणेश में किया गया

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**हरीश कुमार**

**ठाकुरद्वारा।** विकासखंड ठाकुरद्वारा में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन वी एस गार्डन,रामूवाला गणेश में किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बच्चों को गतिविधि के माध्यम से पढ़ाने, नवीन सत्र हेतु नामांकन के लिए जन संपर्क, शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी महोदय श्री मनोज कुमार बोस जी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा



की छात्राओं ने अत्यंत मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मंडल स्तरीय विजेता टीम कंपोजिट विद्यालय रामपुर बलभद्र के बच्चों द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने सराहना की।
कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के विभिन्न योगदानों पर चर्चा,बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
निपुण भारत मिशनः बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित करना।
बालिका शिक्षाः समाज में बेटियों की शिक्षा के प्रति जागरूकता।
प्रतिभाओं का सम्मान---
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रहा।
विकासखंड के निपुण बच्चों के प्रयासों को भी सराहा गया। तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में अवधेश जी, अरुण कुमार, राकेश कुमार, वीर सिंह, सोनिया चौहान , त्रिवेंद्र सिंह नरेंद्र ,नितिन कुमार,निकेश कुमार, राजपाल सिंह,एआरपी हरवीर सिंह, एआरपी मोनिका गहलोत, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मिथलेश, ममता, कृष्णा आदि एवं विकासखंड के अधिकांश प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में टीएलएम कंचन , यास्मीन जहां, शिवांगी वशिष्ठ ने प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के सफल संचालन में एआरपी रूपा आर्य, पीयूष कुमार, रजनी मिश्रा, सपना चौहान द्वारा योगदान दिया गया। कार्यक्रम में समस्त वी आर सी स्टाफ मौजूद रहा।अंत में खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ठाकुरद्वारा को नित नए आयाम छूने का संकल्प दोहराया।

## डॉक्टर बोले, आप मर्द हो तो क्या हुआ, बच्चे पैदा भी कर सकते हो

### अल्ट्रासाउंड में युवक में बच्चेदानी होने का दावा किया गया है

**दैनिक बुलंद मंज़िल /**
**अजयपाल यादव बदायूं**

**बदायूं ।** बदायूं जिले के सहसवान स्थित डॉ. रामनिवास अस्पताल में एक चौकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं, पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे एक युवक की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में बच्चेदानी यूटरस दर्ज कर दी गई। जानकारी के अनुसार, युवक को पिछले कई दिनों से पेट में दर्द था, जिसके चलते वह अस्पताल पहुंचा, डॉक्टर की सलाह पर उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया, लेकिन जब रिपोर्ट हाथ में आई, तो उसमें यूटरस इस नॉर्मल इन



साइज एंड इकोटेक्चर" जैसी लाइने लिखी थी जो आमतौर पर महिलाओं मरीजों की रिपोर्ट में होती हैं, रिपोर्ट देखते ही युवक और उसके परिजन हैरान रह गए, उन्हें समझ नहीं आया कि पुरुष मरीज की रिपोर्ट में महिला प्रजनन अंग का जिक्र कैसे हो सकता है। मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से सफाई दी गई, शुरूआती प्रतिक्रिया में स्टॉप ने इसे क्लेरिकल या टेम्पलेट एरर बताया, अस्पताल का कहना है कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार करते समय किसी महिला मरीज की पुरानी रिपोर्ट का टेम्पलेट कॉपी पेस्ट रह गया होगा, जिसकी वजह से यह गलती हुई है। हालांकि इस जवाब से पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है, उनका कहना है कि ऐसी लापरवाही बेहद गंभीर है और इससे मरीज के इलाज पर गलत असर पड़ सकता है। पीड़ित परिवार ने इस मामले को लेकर कड़ा रूख अपनाया है, उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ बदायूं से शिकायत करने की बात कही है, परिजनों का कहना है कि इस तरह की गलती से मरीजों का भरोसा टूटा है और स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वासनीयता पर सवाल खड़े होते हैं, उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में घटनाएं न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को लेकर चिंता जाता रहे हैं।

## बजरंगी सनातन समूह द्वारा सातवीं भव्य बजरंगी यात्रा का

### बड़े ही धूमधाम से किया आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंगी सनातन समूह द्वारा 31 मार्च को सातवीं भव्य बजरंगी यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। भारी जनसमूह के संग बाबा बजरंगबली का फूलडोल में विराजमान भव्य स्वरुप एवं माँ काली का खेलता स्वरूप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। भव्य बजरंगी यात्रा का शुभारंभ शहर के गड़मान्य लोगो व समस्त संगठन पदाधिकारियो द्वारा महाआरती करके किया गया। तत्पश्चात यात्रा रघुनाथ आश्रम से सायं 5 बजे प्रारम्भ हुई व मुख्य मार्गों से होते हुए रात्रि 11 बजे रघुनाथ आश्रम पर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान नगरवासियो द्वारा विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत ०बजरंगबली जी की पूजा भी की गई। भव्य बजरंगी यात्रा को सफल बनाने में चंदौसी वासियों का काफी सहयोग रहा। श्री बजरंगी सनातन समूह से शिवांक, यश, सत्यम, प्रिंकेश, पराग, रचित, चंद्रगोपाल, अनमोल, अभिषेक, मनिक, अजय, अमन, यश, हर्षित, चिराग, शिवांशु, जतिन, रुद्राक्ष, निमित्त, अस्मित, वंश, शिवांशु, शुभम, रितिक, जतिन, शोभित, अभिनव, हिमांशु, एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में श्री अखंड रामायण पाठ का किया गया आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित बालाजी धाम में श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में बालाजी महाराज का 29वां जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसका समापन आज दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ किया जाएगा। दरबार के महंत राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया की श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में 29 वर्षों से श्री लड्डू वाले बालाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जन्मोत्सव से 2 दिन पूर्व दरबार में श्री अखंड



रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। उसके बाद महाआरती और अगले दिन श्री लड्डू वाले बालाजी महाराज का भव्यशाही स्नान, श्री संकट मोचन हवन, श्री बालाजी महाराज का मस्तक मस्तकाभिषेक के बाद ब्राह्मण भोज व कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। उसके बाद सभी भक्तों को बालाजी महाराज के छप्पन भोग वितरण किए जाते हैं और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें नगर के आसपास के सभी लोग एकत्रित होकर बाबा के प्रसाद का आनंद लेते हैं।

## ब्लॉक कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक, विशेष अभियान के दिए निर्देश

**बुलंद मंजिल**

**शेरगढ़ ।** ब्लॉक कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सचिवों,ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सफाई कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अनिता कुमारी ने बताया कि बदलते मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने गांव-गांव साफ-सफाई, जलभराव रोकने, मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को खत्म करने और लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर देने की बात कही। सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजीव शर्मा ने पंचायत कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित सफाई, नालियों की देखरेख और कूड़ा निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
इस दौरान प्रेम कुमार गंगवार ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। इस दौरान सचिव विकास गंगवार आसिफ हुसैन अजय कुमार प्रताप सिंह सोमदत्त ग्राम प्रधान इम्तियाज अहमद जफर खान पंचायत सहायक सचिन कुमार आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 52 साल की उम्र में सीटेट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**बुलंद मंजिल**

**बरेली।** 52 साल की उम्र और 26 साल की सेवा देने के बाबजूद जब सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक पात्रता परीक्षा देने के लिए कहा तो अपने शिक्षण अनुभव के आधार पर पहले ही प्रयास में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के दोनों पेपर निकाल कर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह यादव यह साबित कर दिया कि अगर हौंसला हो तो कोई भी उम्र किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वाधा नहीं बन सकती। जिलाध्यक्ष की इस सफलता को लेकर अब जिले के शिक्षक उन्हें बधाइयां दे रहे है। आपको बता दें कि 8 फरवरी को सीटेट का पेपर था और 4 फरवरी को जिलाध्यक मानवेंद्र सिंह यादव की बेटी की शादी थी। यही नहीं 4



नवंबर 2025 से वह एसआईआर के कार्य में भी लगातार सुपरवाइजर के रूप में कार्य कर रहे थे। लेकिन इन सभी विषम परिस्थितियों में भी उनके हौंसले पस्त नहीं हुए और उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के रूप में सीटेट के दोनों पेपर पास किए।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने कसी कमर

### शिक्षकों से समर्थन जुटाने में जुटे सपा प्रत्याशी दानिश अख्तर

**बुलंद मंजिल**

**बरेली।** शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी सक्रियता तेज कर दी है। पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के पक्ष में शिक्षकों से समर्थन जुटाने का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है।
इसी क्रम में शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों – राजकीय इंटर कॉलेज बरेली, एसएसबी इंटर कॉलेज बरेली एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरेली – में संपर्क अभियान चलाया गया, जहां शिक्षकों से मुलाकात कर सपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील की गई।
इस दौरान सपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी, महानगर उपाध्यक्ष व कैंट विधानसभा प्रभारी राजेश मौर्य तथा कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओम प्रजापति शामिल रहे। नेताओं ने शिक्षकों से संवाद करते हुए पार्टी की नीतियों और शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा।
शिक्षक हितों को बनाया मुख्य मुद्दा
सपा नेताओं ने कहा कि शिक्षक समाज हमेशा से बौद्धिक नेतृत्व करता आया है और उनके मुद्दों को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सपा प्रत्याशी दानिश अख्तर शिक्षकों की समस्याओं को विधान परिषद में मजबूती से उठाएंगे।
चुनाव को लेकर तेज हुआ संपर्क अभियान
शहर में लगातार स्कूल-कॉलेजों में पहुंचकर शिक्षकों से संवाद किया जा रहा है। सपा कार्यकर्ता इसे निर्णायक चुनाव मानते हुए हर स्तर पर संपर्क साधने में जुटे हैं।
पार्टी सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक शिक्षकों तक पहुंच बनाकर समर्थन सुनिश्चित किया जा सके।

## एक वक्त की रोटी कम खाओ मगर अपने बच्चों को तालीम दो

### दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर / स्योहारा।** दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।
सब जूनियर एवं जूनियर सेक्शन में वानिया, आयत नूर और मुहम्मद साहिल ने क्रमशः शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं इस्लामियात विषय में मोहम्मद यामन, बिलाल, अब्दुल अहद, रोजी कायनात, माहिरा आसिम, वानिया परवीन, जिकरा परवीन तथा असना अंसारी ने उल्लेखनीय





सफलता हासिल की।
कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को चांदी की गिन्नी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया।
इस अवसर पर मौलाना अनवारुल हक मुख्य अतिथि एवं मेहमान-ए-खुसूसी के रूप में उपस्थित रहे, जो वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स काउंसिल के एक्टिंग प्रेसिडेंट हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक वक्त की रोटी कम खाएं मगर अपने बच्चों को तालीम जरूर दें उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
विद्यालय के मैनेजर डॉक्टर महमूद अख्तर एवं प्रिंसिपल समीना अहमद ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त अध्यापकों के सहयोग की सराहना की।
कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन फैसल वारसी, मुफ्ती आसिम साहब, डॉक्टर महमूद अख्तर (संस्थापक), इंजीनियर तबिश अजीज, तारीक महमूद (इंजीनियर), सुभान रबीउद्दीन एवं मुफ्ती उबैदुर्रहमान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 312 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 312 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। हाईवे पर यात्री शेड के पास हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।
दिनांक 30 मार्च 2026 को थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम, उपनिरीक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान रहपुरा अंडरपास के पास सूचना मिली कि एक वांछित अभियुक्त हाईवे स्थित यात्री शेड पर खड़ा है और उसके पास भारी मात्रा में स्मैक है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया और मौके की ओर रवाना हो गई। बताए गए स्थान पर पहुंचते ही पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गौतम पुत्र भगवान दास, निवासी भोलापुर बताया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से 312 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।आरोपी पहले से ही एक अन्य एनडीपीएस केस में वांछित चल रहा था। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को सस्ते दामों में खरीदकर हाईवे पर ट्रक चालकों और अन्य लोगों को महंगे दामों में बेचता था, जिससे वह अपने परिवार का खर्च चलाता था।

## नगर पंचायत पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग तेज

### अतिक्रमण हटाने में पक्षपात का आरोप, सभासदों व स्थानीय लोगों ने उठाई आवाज

**बुलंद मंजिल**

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर भेदभावपूर्ण रवैये के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर असंतोष का माहौल बन गया है। मोहल्ला अंसारी पुराना कपड़ा बाजार निवासी सुधांशु मिश्रा ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को दिए गए अपने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। उनका कहना है कि उनके हिस्से की संपत्ति का बड़ा भाग पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि उसी क्षेत्र के अन्य लोगों द्वारा केवल आंशिक रूप से अतिक्रमण हटाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई और शेष अवैध निर्माण अब भी यथावत बना हुआ है। इस कार्रवाई को उन्होंने ह्लअन्यायपूर्ण और पक्षपातपूर्णह्व बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मामले में कई सभासद भी खुलकर सुधांशु मिश्रा के समर्थन में सामने आए हैं और प्रशासन पर समान व्यवहार सुनिश्चित करने का दबाव बना रहे हैं। सभासद शराफत हुसैन, जाकिर नसरीन हुसैन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का कहना है कि नियमों का पालन सभी के लिए एक समान होना चाहिए और यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो स्थानीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विशाल कुमार, वीरवती, रेखा मिश्रा, सचिन, शाहिद और नासिर हुसैन सहित कई स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता का भरोसा कायम रह सके। फिलहाल नगर पंचायत प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह मुद्दा क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

## रुपए की गिरावट रोकने के लिए आरबीआई को बाजार में झोंकने पड़े 51अरब डॉलर

### सरकार ने स्वीकारी 9% की गिरावट

**बुलंद मंजिल**

लोकसभा में आंवला (बरेली) से समाजवादी पार्टी सांसद नीरज मौर्य के प्रश्न का उत्तर देते हुए सरकार ने स्वीकार किया कि वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय रुपये में 9.0 प्रतिशत का भारी अवमूल्यन हुआ है। गिरते रुपये को सहारा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच बाजार में 50.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बिक्री करनी पड़ी। पेट्रोलियम आयात बिल पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर सांसद के प्रश्न पर पर मंत्रालय ने गोलमोल जवाब देते हुए स्वीकार किया कि रुपये के कमजोर होने से आयात बिल की लागत बढ़ने के प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि सरकार ने इसका कोई सटीक आंकड़ा पेश नहीं किया, जो नीतिगत पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।
सांसद नीरज मौर्य का कहना है कि देश का चालू खाता घाटा और आयात बिल रुपये की कमजोरी के कारण अनियंत्रित हो रहा है। सरकार के पास गैर-आवश्यक आयातों को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस नई राजकोषीय नीति नहीं है। गिरते रुपये से उत्पन्न होने वाली 'आयातित मुद्रास्फीति' को रोकने के लिए कोई प्रभावी ब्लूप्रिंट पेश नहीं किया।

# चांदपुर के गांव हैजरपुर निवासी युवक प्रशांत की हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार अब तक चार गिरफ्तार

## मामूली टक्कर से मौत तक

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र के गांव हैजरपुर निवासी युवक के साथ मिजार्पुर बैला में हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया है। मामूली सड़क टक्कर के बाद युवक को कथित रूप से अगवा कर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया, जिसकी इलाज के दौरान मेरठ में मौत हो गई। घटना के बाद हैजरपुर में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और शव रखकर घंटों जाम लगाया गया।

मिजार्पुर बैला में हुई वारदात, हैजरपुर का था युवक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव हैजरपुर निवासी प्रशांत (पुत्र सियाराम) 22 मार्च 2026 को मिजार्पुर बैला में अपने साढ़ू के घर एक कार्यक्रम में गया था। वापसी के दौरान उसकी बाइक की टक्कर एक युवती की स्कूटी से हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

अगवा कर सुनसान में बेरहमी से पीटा

परिजनों का आरोप है कि टक्कर के बाद युवती पलक पुत्री संजीव व उसके परिजनों ने प्रशांत को जबरन अपने साथ ले जाकर सुनसान स्थान पर लाठी-



डंडों से बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल करने के बाद उसे एक कथित चिकित्सक के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए।

इलाज के दौरान मेरठ में मौत

घटना के बाद परिजन घायल प्रशांत को थाना चांदपुर लेकर पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसे सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उसे बिजनौर और फिर मेरठ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हैजरपुर में शव रखकर जाम, ग्रामीणों का प्रदर्शन

युवक का शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। घंटों चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस-प्रशासन से तीखी नोकझोंक भी हुई। थाना प्रभारी राहुल कुमार और क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में एसपी देहात के हस्तक्षेप के बाद ही जाम खुल सका।

मुकदमा दर्ज, हत्या की धाराएं बढ़ाई गईं

मामले में हैजरपुर निवासी राकेश पुत्र फूलसिंह की तहरीर पर थाना चांदपुर में मुकदमा संख्या 143/26 दर्ज किया गया। प्रारंभ में अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन प्रशांत की मौत के बाद हत्या से संबंधित गंभीर धाराएं (धारा 103(1), 190, 191(2) बीएनएस) बढ़ा दी गईं।

आज तक चार आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

पुलिस जांच में निकरांत उर्फ निक्की, संजीव, सचिन कुमार, अभिनय और पलक के नाम सामने आए। 28 मार्च 2026 को निकरांत उर्फ निक्की और संजीव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 31 मार्च 2026 को पुलिस ने सचिन कुमार निवासी तखनपुरी और अभिनय निवासी हरपुर को भी गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस टीम की सक्रियता

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक छविनाथ, कांस्टेबल इंसाद और कांस्टेबल अशोक कुमार की अहम भूमिका रही।

ग्रामीणों की मांग—सभी आरोपी जल्द गिरफ्तार हों

ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक मृतक को न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मिजार्पुर बैला में हुई इस वारदात और हैजरपुर में उसके बाद हुए उग्र विरोध ने पूरे जनपद में सनसनी फैला दी है। एक मामूली विवाद का इतना खौफनाक अंजाम कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अब सभी की नजर पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

# रफ्तार बनी जानलेवा

## चांदपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, हालत नाजुक

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** क्षेत्र में सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

धनौरा रोड पर अलावलपुर के पास हुआ भीषण हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात धनौरा रोड पर अलावलपुर के समीप एक अज्ञात वाहन ने हीरो होंडा मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जनपद अमरोहा के गाँव चुचैला कला

निवासी युवक की हालत गंभीर





घायल युवक की पहचान अशरफ पुत्र मजीद निवासी चुचैला कला, जिला अमरोहा के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। समाजसेवी ने निभाई इंसानियत, तुरंत पहुंचाया अस्पताल

घटना के बाद मौके पर मौजूद आशीष उर्फ बिट्ठू, निटु और निपेंद्र की मदद से समाजसेवी व शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पहले उसे डॉक्टर पुलकित के पास ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। जीवन ज्योति नर्सिंग होम में भर्ती, इलाज जारी

गंभीर हालत को देखते हुए घायल अशरफ को चांदपुर के जीवन ज्योति नर्सिंग होम में डॉक्टर मोहित के पास भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

फरार वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की पहचान कर उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बढ़ते सड़क हादसों से लोग चिंतित

चांदपुर क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से सख्त यातायात नियम लागू करने और लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।0

# चांदपुर पुलिस की ईमानदारी का जलवा,

## उउळश से ढूंढ निकाला गुम हुआ सोने का पेंडिल, महिला को किया सुपुर्द

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** थाना पुलिस ने तत्परता, ईमानदारी और तकनीकी दक्षता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए गुम हुए सोने के पेंडिल को सकुशल बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।

खरीदारी के दौरान गिरा पेंडिल, मचा हड़कंप

मिली जानकारी के अनुसार शुऐब अख्तर पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद आसिफ निवासी नई बस्ती हल्द्वानी, जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) अपनी पत्नी श्रीमती शुमाईला के साथ चांदपुर कस्बे में जामा मस्जिद के पास स्थित शुऐब गार्मेंट्स पर खरीदारी करने आए थे। इसी दौरान उनकी पत्नी के गले का सोने (पीली धातु) का पेंडिल अचानक गिरकर कहीं



खो गया, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया।

थाने में शिकायत, पुलिस ने दिखाई तत्परता

घटना के बाद शुऐब अख्तर ने थाना चांदपुर पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी।

उउळश कैमरों से खुला राज, बरामद हुआ पेंडिल

चांदपुर पुलिस ने आसपास लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली और बारीकी से जांच की। तकनीकी मदद और सतर्कता के चलते पुलिस ने गुम हुआ पेंडिल ढूंढ निकाला और उसे सुरक्षित बरामद कर लिया।

परिवार को मिला सुकून, पुलिस का जताया आभार

बरामदगी के बाद पेंडिल को उसके असली मालिक शुऐब अख्तर को सुपुर्द कर दिया गया। अपनी खोई हुई वस्तु वापस मिलने पर परिवार ने चांदपुर पुलिस का धन्यवाद करते हुए उनकी सराहना की।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

इस पूरी कार्यवाही में हेड कांस्टेबल नरेश पुनिया और कांस्टेबल अभिषेक की अहम भूमिका रही, जिनकी सतर्कता और मेहनत से यह संभव हो पाया।

चांदपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि यदि पुलिस ईमानदारी और लगन से काम करे तो जनता का भरोसा और मजबूत होता है। यह घटना पुलिस और जनता के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरी है।

# चांदपुर मे विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ का तीखा प्रहार !

## उट योगी की माता पर टिप्पणी करने वाला मौलाना STF के शिकंजे में,

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सलीम की गिरफ्तारी के बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया तेज हो गई है। यूपी एसटीएफ द्वारा बिहार से गिरफ्तारी के बाद अब विभिन्न संगठनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग तेज कर दी है।

रळऋ की बड़ी कार्रवाई, बिहार से दबोचा आरोपी

यूपी एसटीएफ ने बिहार के पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र से आरोपी मौलाना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे उत्तर प्रदेश लाया जा रहा है, जहां उससे पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आपत्तिजनक बयान से भड़का प्रदेश

बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक धार्मिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की माता को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वीडियो वायरल होते ही





प्रदेशभर में आक्रोश फैल गया और कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए। आरोपी के खिलाफ 80 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए।

विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ का तीखा हमला

इस पूरे मामले को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बेहद कड़ी और तीखी प्रतिक्रिया दी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर ने कहा,

यह केवल एक व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी नहीं, बल्कि सनातन समाज और भारतीय संस्कृति का अपमान है। ऐसे लोगों को सिर्फ गिरफ्तार करना काफी नहीं है, बल्कि इन्हें ऐसी सजा दी जानी चाहिए जो समाज के लिए उदाहरण बने। अगर समय रहते सख्ती नहीं दिखाई गई तो इस तरह के तत्व समाज में जहर घोलते रहेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा,

एक मां के सम्मान पर हमला पूरे समाज की भावनाओं पर चोट है। महिलाओं के सम्मान के खिलाफ इस तरह की भाषा बिल्कुल अस्वीकार्य है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उसे कठोर दंड दिया जाए।प्रदेश मंत्री व वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र सिंह राजपूत ने कहा,

सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियां समाज में नफरत फैलाने का काम करती हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई जरूरी है। कानून का डर खत्म नहीं होना चाहिए, वरना अराजकता फैलना तय है।जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा,

अगर इस तरह के मामलों में सख्ती नहीं हुई तो संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। समाज की मयार्दा और सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अब होगी सख्त पूछताछ और कार्रवाई

गिरफ्तारी के बाद यूपी एसटीएफ आरोपी को उत्तर प्रदेश ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी कानूनी पहलुओं पर जांच कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि समाज में आपत्तिजनक बयानबाजी को लेकर अब बर्दाश्त की सीमा खत्म हो चुकी है। प्रशासन की कार्रवाई और संगठनों की सख्त प्रतिक्रिया से यह संदेश गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# पीपलसाना का लाल बना अफसर

## किसान के बेटे प्रमिंदर तोमर ने वढढरउ में 43वीं रैंक हासिल कर रचा इतिहास





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** क्षेत्र के गांव पीपलसाना के होनहार युवक प्रमिंदर कुमार तोमर ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में 43वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस शानदार सफलता के साथ उनका चयन कमर्शियल टैक्स ऑफिसर के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और गांव में जश्न जैसा माहौल बना हुआ है। किसान परिवार से निकला होनहार, मेहनत से हासिल की मंजिल

प्रमिंदर कुमार तोमर एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता सतबीर सिंह खेती-किसानी करते हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। दो बहनों के विवाह हो चुके हैं और बड़े भाई बिजनौर पॉलिटेक्निक में लेक्चरार हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच भी प्रमिंदर ने अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और निरंतर मेहनत करते रहे।

चांदपुर से शुरू हुआ सुनहरा सफर

प्रमिंदर की प्रारंभिक शिक्षा चांदपुर में ही हुई। वर्ष 2007 में उन्होंने हिंदू इंटर कॉलेज, चांदपुर से 12वीं कक्षा में टॉप कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे प्रमिंदर ने इसी लगन को आगे भी जारी रखा।

नौकरी के साथ की तैयारी, पेश की मिसाल

प्रमिंदर वर्ष 2014 से बीएसएनएल में कार्यरत हैं। वर्तमान में वे टिहरी में जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। नौकरी के साथ-साथ कठिन परिश्रम और अनुशासन के दम पर उन्होंने वढढरउ जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत के आगे कोई बाधा बड़ी नहीं होती।

गांव में जश्न, बधाई देने वालों का लगा तांता

उनकी सफलता की खबर मिलते ही गांव पीपलसाना और चांदपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। राष्ट्रीय लोकदल के युवा नेता हनी तोमर ने उनके घर पहुंचकर माता-पिता को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव बताया।

युवाओं के लिए प्रेरणा बने प्रमिंदर

प्रमिंदर तोमर की सफलता आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

चांदपुर का यह होनहार बेटा आज पूरे जनपद का नाम रोशन कर रहा है। प्रमिंदर की इस उपलब्धि पर हर कोई गर्व महसूस कर रहा है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है।

CMYK

# निमार्णाधीन पानी की टंकी पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

## पुलिस ने शव को उतरवाकर व पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना।** काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे पर कालाखेड़ी रोड के अंडरपास के पास आईटीआई के सामने निमार्णाधीन पानी की टंकी पर आज सुबह एक युवक को रस्सी के फंदे पर लटका हुआ देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।आजाद कॉलोनी व आसपास के लोग तथा मृतक के परिजन व मोहल्ले के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवनीत मान व सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों के सहयोग से युवक का शव नीचे उतरवाया।फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी में भेज दिया है।

लाइनपार आजाद कॉलोनी कालाखेड़ी रोड पर काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे के अंडरपास के पास स्थित आईटीआई के सामने निमार्णाधीन पानी की टंकी पर आज सुबह एक युवक का शव लटका हुआ देखकर उस सड़क से गुजर रहे लोग व मॉर्निंग वॉक कर लोग चौंक गए और आनन फानन में यह खबर आग की तरह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

22 वर्षीय मृतक युवक की पहचान लाल सराय निवासी





मृतक नवेद फाइल फोटो

नवेद पुत्र स्वर्गीय अकबर के रूप में हुई।यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मृतक के परिजन और लालसराय व लुहारी सराय के सैकड़ों लोग नगर पालिका के वार्ड सभासद सद्दीक मुल्तानी के साथ मौके पर पहुंच गए।मृतक नवेद के हाथ में कंडउला लगा हुआ था।टंकी के नीचे घास पर एक हाथ से लिखा हुआ कागज भी मिला है जिस पर लिखा हुआ है कि मेरा नाम नवेद है और मैं लाल सराय में डॉक्टर नसीम के पास का रहने वाला हूं।मेरी मां का ख्याल रखना।

नगर पालिका के वार्ड सभासद सद्दीक मुल्तानी ने पुलिस को सूचना दी।तत्काल थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंचे।पुलिस ने वहां मौजूद लोगों के सहयोग से रस्सी के फंदे पर लटक रहे युवक के शव को नीचे उतरवाया।पुलिस की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया व तमाम साक्ष्य जुटाएं और टंकी के नीचे घास पर पाए गए हस्तलिखित कागज को अपने कब्जे में लिया।मृतक के बड़े भाई नईम की मौजूदगी में मृत युवक नवेद के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भिजवाया।

मृतक युवक नवेद के बड़े भाई नईम ने बताया कि वह कल शाम करीब 6 बजे घर से निकला था।घर में कोई बात नहीं हुई थी और न ही कोई तनाव था।नवेद को टाइफाइड बुखार था और डॉक्टर ने उसे ड्रिप लगाने के लिए हाथ में कंडउला भी लगा रखा था।कोई गंभीर बीमारी भी नहीं थी।नवेद अविवाहित था।मृतक के परिवार में छह भाई व एक बहन और विधवा मां है।पिता का इंतकाल हो चुका है। मृतक नवेद मुंबई में बिजली फिटिंग का काम करता था और अभी ईद से चार दिन पहले ही मुंबई से नगीना अपने घर आया था।बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और वह कह रहे हैं कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि नवेद के साथ ऐसा होगा।

### *रहस्य:आत्महत्या या हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस*

*मृतक नवेद सीधा साधा युवक था और किसी से ज्यादा मतलब वास्ता नहीं रखता था और अपने काम से काम रखता था।नवेद ने यदि आत्महत्या की है तो क्यों की है?पानी की टंकी के नीचे घास में मिले हाथ के लिखे कागज के टुकड़े से तो लगता है कि नवेद ने आत्महत्या ही की होगी।हालांकि कागज के टुकड़े पर उसने कहीं भी खुद के मरने का जिक्र नहीं किया है।हस्तलिखित कागज की जांच के बाद ही पता चलेगा कि हैंड राइटिंग उसी की है या नहीं।मृतक के बड़े भाई नईम ने आशंका जताई है कि उसे किसी ने मारकर रस्सी से लटकाने का नाटक तो नहीं किया है।*

# चांदपुर सहित कई थानों में बदलाव

# बिजनौर पुलिस में बड़ा फेरबदल

## एसपी अभिषेक झा ने कई उपनिरीक्षकों के किए तबादले,

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**


**चांदपुर।** जनपद बिजनौर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में व्यापक फेरबदल किया है। जनपद पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णय के आधार पर जारी इस आदेश के तहत कुल 11 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर स्थानांतरित किया गया है। इस फैसले से पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।

जनहित में लिया गया बड़ा निर्णय

एसपी अभिषेक झा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह तबादले जनहित एवं कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन उपनिरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

जारी सूची के अनुसार–



आदेश

| क्र0सं0 | नाम | कहां से | कहां को |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | उ0नि0 श्री परशुराम पीएनओ-912121321 | पुलिस लाईन | प्र0चौकी माहेश्वरी जट, कोतवाली देहात |
| 2. | उ0नि0 श्री देवी प्रसाद गौतम पीएनओ-902121764 | पुलिस लाईन | थाना नजीबाबाद |
| 3. | उ0नि0 श्री सागर चौधरी पीएनओ-234214626 | पुलिस लाईन | प्र0चौकी कस्बा, चांदपुर |
| 4. | उ0नि0 श्री समयपाल सिंह पीएनओ-234215081 | पुलिस लाईन | प्र0चौकी कस्बा, स्योहारा |
| 5. | उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह उज्जवल पीएनओ-982070350 | पुलिस लाईन | थाना नजीबाबाद |
| 6. | उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह पीएनओ-942232819 | पुलिस लाईन | प्र0चौकी शुगर मिल, चांदपुर |
| 7. | उ0नि0 श्री अन्नु कुमार पीएनओ-231063241 | थाना कोतवाली देहात | प्र0चौकी चण्डी देवी, कोतवाली देहात |
| 8. | उ0नि0 श्री संजय कुमार पीएनओ-890460250 | प्र0चौकी कस्बा, स्योहारा | थाना स्योहारा |
| 9. | उ0नि0 श्री ब्रजेश कुमार शर्मा पीएनओ-872120615 | प्र0चौकी कस्बा, चांदपुर | थाना नगीना |
| 10. | उ0नि0 श्री हरस्वरूप शर्मा पीएनओ-912670520 | प्र0चौकी शुगर मिल, चांदपुर | थाना नांगल |
| 11. | उ0नि0 श्री दीपक कुमार पीएनओ-152533829 | प्र0चौकी माहेश्वरी जट, कोतवाली देहात | थाना कोतवाली देहात |

सर्व सम्बन्धित आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

संख्याः सीए-एसपी-15/2026
दिनांकः मार्च 30, 2026

(अभिषेक)
पुलिस अधीक्षक
बिजनौर



उपनिरीक्षक परशुराम को पुलिस लाइन से प्र०चौकी माहेश्वरी जट, कोतवाली देहात भेजा गया है।

उपनिरीक्षक देवी प्रसाद गौतम को पुलिस लाइन से थाना नजीबाबाद तैनात किया गया है।

उपनिरीक्षक सागर चौधरी को पुलिस लाइन से प्र०चौकी कस्बा, चांदपुर भेजा गया है।

उपनिरीक्षक समयपाल सिंह को पुलिस लाइन से प्र०चौकी कस्बा, स्योहारा स्थानांतरित किया गया है।

उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह उज्जवल को थाना नजीबाबाद में तैनाती मिली है।

उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह को प्र०चौकी शुगर मिल, चांदपुर भेजा गया है।

उपनिरीक्षक अन्नु कुमार को कोतवाली देहात से प्र०चौकी चण्डी देवी भेजा गया है।

उपनिरीक्षक संजय कुमार को स्योहारा कस्बा चौकी से थाना स्योहारा स्थानांतरित किया गया है।

उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार शर्मा को चांदपुर कस्बा चौकी से थाना नगीना भेजा गया है।

उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा को शुगर मिल चौकी चांदपुर से थाना नांगल भेजा गया है।

उपनिरीक्षक दीपक कुमार को माहेश्वरी जट चौकी से कोतवाली देहात स्थानांतरित किया गया है।

चांदपुर क्षेत्र में खासा असर

इस प्रशासनिक फेरबदल का असर चांदपुर क्षेत्र में विशेष रूप से देखने को मिलेगा, जहां कस्बा चौकी और शुगर मिल चौकी में नए उपनिरीक्षकों की तैनाती की गई है। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

पुलिस महकमे में बढ़ी हलचल

तबादलों के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। नए तैनाती स्थल पर पहुंचने के बाद अधिकारियों से बेहतर कार्यप्रणाली और सक्रिय पुलिसिंग की उम्मीद की जा रही है।

जनपद बिजनौर में यह बड़ा फेरबदल कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि नई तैनाती के बाद अपराध नियंत्रण में कितना सुधार आता है।

# चांदपुर में मिशन शक्ति की धमक

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, बांटे पम्पलेट





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** कस्बे में मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान चर्चा का विषय बन गया है। महिला सुरक्षा, बाल विवाह मुक्त अभियान और साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। एंटी रोमियो टीम ने गांव-शहर में चलाया अभियान दिनांक 31 मार्च 2026 को महिला हेड कांस्टेबल दीपा आर्या व महिला कांस्टेबल मनाली शर्मा ने कस्बा व थाना चांदपुर क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक किया। टीम ने घर-घर और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया।

बाल विवाह के खिलाफ छेड़ी मुहिम

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त अभियान पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसके खिलाफ जागरूक होकर समाज को आगे आना होगा।

हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, पम्पलेट वितरण महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े अहम हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए–

1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस सेवा), 102/108 (स्वास्थ्य सेवाएं), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)।

साथ ही नोडल अधिकारियों के नंबर भी साझा किए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिल सके।

साइबर क्राइम और छेड़छाड़ से बचाव के टिप्स

टीम ने महिलाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचाव के तरीके बताए। ऑनलाइन फ्रॉड, अश्लील मैसेज और उत्पीड़न जैसी घटनाओं की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

सरकारी योजनाओं से कराया अवगत

अभियान के दौरान महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

इस कार्यक्रम के बाद महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास देखने को मिला। उन्होंने पुलिस टीम की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया।

चांदपुर में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चलाया गया यह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर एक मजबूत कदम साबित हो रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

# मिशन शक्ति का असर,हीमपुर दीपा क्षेत्र में पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा का पाठ





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर / हीमपुर दीपा।** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। ग्राम मुंढाल व हीमपुर दीपा में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सशक्त बनाने का प्रयास किया।

पुलिस टीम ने संभाली कमान, गांवों में पहुंचकर किया जागरूक

दिनांक 31 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक सुमित कुमार, महिला हेड कांस्टेबल संगीता, महिला कांस्टेबल रेनू राठी तथा कांस्टेबल सचिन सार्थक की टीम ने गांवों में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया।

हेल्पलाइन नंबरों की दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई–

181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 102/108 (स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)।

पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तत्काल मदद प्राप्त की जा सकती है।

घरेलू हिंसा और छेड़छाड़ के खिलाफ जागरूक किया

महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले उत्पीड़न, अश्लील मैसेज और छेड़छाड़ से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए गए।

साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स

कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए महिलाओं और बालिकाओं को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सजग किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी साइबर फ्रॉड या धमकी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज करानी चाहिए और पुलिस से सहायता लेनी चाहिए।

महिलाओं की समस्याएं सुनीं, भरोसा दिलाया

पुलिस टीम ने मौके पर महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता नजर आया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हीमपुर दीपा क्षेत्र में चलाया गया यह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# टिकैत की गिरफ्तारी पर फूटा गुस्सा

## चांदपुर में भाकियू (टिकैत) का जबरदस्त प्रदर्शन, चार थानों का घेराव








**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। उड़ीसा में भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में सैकड़ों किसान एकजुट होकर प्रदर्शन पर उतर आए और चांदपुर सर्किल के चार थानों का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

तहसील परिसर से शुरू हुआ आंदोलन, थानों तक पहुंचा प्रदर्शन

प्रदर्शन की शुरूआत चांदपुर तहसील परिसर से हुई, जहां बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए। इसके बाद कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए थानों की ओर कूच कर गए और घेराव कर विरोध दर्ज कराया। पूरे क्षेत्र में ह्लराकेश टिकैत जिंदाबादह्व और ह्लभाकियू जिंदाबादह्व के नारों से माहौल गूंज उठा।

चार थानों का घेराव, प्रशासन में मचा हड़कंप

अचानक हुए इस प्रदर्शन से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। चांदपुर सर्किल के अंतर्गत आने वाले चार थानों को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर हालात को नियंत्रित किया गया।

जिला सचिव हरिराज सिंह ने दी चेतावनी

भाकियू (टिकैत) के जिला सचिव हरिराज सिंह ने कहा कि राकेश टिकैत की गिरफ्तारी किसानों की आवाज दबाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा,

यदि राकेश टिकैत को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो हम भी गिरफ्तारी देने को तैयार हैं।

रिहाई तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता को रिहा नहीं किया जाता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने इसे किसानों के सम्मान का मुद्दा बताते हुए पीछे न हटने की बात कही।

पुलिस अलर्ट, स्थिति पर रखी नजर

प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और शांति बनाए रखने की अपील की।

चांदपुर में किसानों के इस उग्र प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि टिकैत की गिरफ्तारी को लेकर किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस स्थिति से कैसे निपटता है और आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

